भिक्षु-ग्रन्थ रत्नाकर

खण्ड : २

सम्पादक :

आचार्य श्री तुलसी

संग्रहकर्ता :

मुनि श्री चौथमलजी

प्रबन्ध सम्पादक :

श्रीचन्द रामपुरिया, बी. कॉम., बी. एल.

तेरापंथ द्विशताब्दी समारोह के अभिनन्दन में प्रकाशित

प्रकाशक :
जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा
३, पोर्चुगीज चर्च स्ट्रीट
कलकत्ता—१

●

प्रथमावृत्ति :
जून, १९६०
आषाढ २०१७

●

प्रति संख्या
१५००

●

पृष्ठांक :
७२८

●

मूल्य :
बीस रुपये

●

मुद्रक :
रेफिल आर्ट प्रेस,
कलकत्ता

प्रकाशकीय

तेरापंथ द्विशताब्दी समारोह के अभिनंदन में महासभा की ओर से तेरापंथ के आद्य आचार्य स्वामी भीखणजी की कथानकमय रचनाओ का यह संकलन प्रस्तुत करते हुए परम हर्ष हो रहा है। यह संग्रह "भिक्षु-ग्रन्थ रत्नाकर" का द्वितीय खण्ड है। इसमें स्वामीजी द्वारा राजस्थानी भाषा में रचित २१ आख्यान हैं।

आख्यान अत्यन्त सरस ही नहीं परन्तु बड़े वैराग्य पूर्ण भी हैं। स्वामीजी की महान् कवित्व शक्ति का इनसे बड़ा अच्छा परिचय मिलता है। ये आख्यान सब के लिए उपयोगी हैं।

पाठक इस परम उपयोगी ग्रन्थ से अत्यन्त लाभान्वित होगे, इसमें कोई सन्देह नहीं।

तेरापंथ द्विशताब्दी समारोह व्यवस्था उपसमिति
३, पोर्चुगीज चर्च स्ट्रीट,
कलकत्ता—१
२७ जून, १९६०

श्रीचन्द रामपुरिया
व्यवस्थापक,
साहित्य-विभाग

भूमिका

भिक्षु-ग्रन्थ रत्नाकर के इस द्वितीय खंड में स्वामीजी की कथानकमय २१ रचनाओ का संग्रह है। इन कथानको के सक्षिप्त सार इस प्रकार हैं

१—गोसाला री चौपाई

स्वामीजी ने मखलिपुत्र गोशालक का जीवन वृत्तात 'भगवती सूत्र' के १५ वें शतक से लिया है।

मखलि नाम का एक भिक्षाचर था। उसकी पत्नी का नाम भद्रा था। भद्रा गर्भिणी हुई। एक वार मखलि भिक्षाचर हाथ मे चित्रपट लेकर गर्भवती भद्रा के साथ शरवण ग्राम मे गोवहुल ब्राह्मण की गोशाला मे ठहरा। वही पर भद्रा ने एक पुत्र को जन्म दिया। गोशाला मे पैदा होने के कारण वालक का नाम गोशालक रखा गया। गोशालक वडा हुआ और वह भी पिता की तरह चित्रपट लेकर आजीविका करने लगा।

एक समय भगवान् महावीर स्वामी अपनी छद्मस्थ अवस्था मे विचरते हुए नालन्दा के तन्तुवाय शाला में चातुर्मास व्यतीत करने लगे। भगवान् ने विजय नामक गाथापति के घर मासिक उपवास का पारण किया। विजय गाथापति के दान से उसके घर मे पांच दिव्य प्रगट हुए। उस समय गोशालक भी तन्तुवाय शाला में चातुर्मास व्यतीत कर रहा था। उसने विजय गाथापति के दान से उसके घर पाँच दिव्य प्रगट होने की वात सुनी और भगवान् को प्रभावशाली पुरुप जान उनके पास आकर कहा—"भगवन्। आप मेरे धर्माचार्य हैं तथा मैं आप का शिष्य हूँ।" भगवान् ने गोशालक की इस वात पर ध्यान नही दिया। भगवान् ने कोल्लाग सन्निवेश की तरफ विहार किया। गोशालक भी उन की खोज करता हुआ उनके पास पहुचा और पुन वही वात दुहराई—"भगवन्। आप मेरे धर्माचार्य हैं, मैं आपका शिष्य हूँ।" भगवान् ने उसकी वात स्वीकार कर ली। ६ वर्ष तक गोशालक भगवान् के साथ रहा। इसी वीच अनेक घटनायें घटी। गोशालक नियतिवादी हो गया।

गोशालक एक समय भगवान् के साथ कूर्म गाव जा रहा था। गांव के वाहर वैश्यायन नाम का वल तपस्वी दोनो वाहुओ को ऊँचा कर सूर्याभिमुख हो सूर्य की आतापना ले रहा था। सूर्य की गर्मी से वैश्यायन के सिर से जूएँ नीचे गिर रही थी। वह दया से पुन उन जूओ को सिर मे रख लेता था। गोशालक यह देख वोला—"तुम मुनि हो या जूओ के शय्यातर ?" वार-वार इसी वात को दुहराने से मुनि कुपित हुआ। उसने गोशालक को भस्म करने के लिये तेजोलेश्या छोडी। भगवान् ने शीतलेश्या छोड कर गोशालक को बचा लिया। गोशालक ने भगवान् से तेजोलेश्या प्राप्त करने की विधि पूछी। भगवान् ने विधि वता दी। उसने भगवान् के द्वारा वताई गई विधि से तेजोलेश्या प्राप्त कर ली। वाद मे वह भगवान् महावीर से अलग हो गया। कुछ दिन के वाद गोशालक से छ दिशाचर आ मिले। तव से वह अपने आपको 'जिन' 'केवली' नही होते हुए भी 'जिन' 'केवली' कहने लगा। उसने एक नया सम्प्रदाय कायम किया। इस सम्प्रदाय का नाम आजीविक सम्प्रदाय पडा और वह उसका नेता वना। उसने ज्योतिष विद्या के प्रभाव से भूत एव भविष्य के निमित्त कथन द्वारा अपने लाखों उपासक वना लिये। वह भगवान् का प्रतिस्पर्धी वना। वात-वात पर वह भगवान् को नीचा दिखाने का प्रयत्न करता और अपने आपको सच्चा तीर्थङ्कर कहने लगा।

एक समय गोशालक ने सुना—भगवान् महावीर मुझे 'जिन' नही किन्तु 'जिनप्रलापी' कहते हैं। वह अत्यन्त क्रुद्ध हुआ और अपने शिष्य समूह के साथ सावत्थी नगरी के कोष्ठक उद्यान मे, जहां भगवान् अपने शिष्यो के साथ बैठे थे, आकर अनर्गल प्रलाप करने लगा। यहाँ तक कि भगवान् को तेजोलेश्या द्वारा जलाकर भस्म कर देने की धमकी देने लगा। गोशालक की ऊटपटाँग बातें सुनकर सर्वानुभूति अनगार से नही रहा गया और वह गोशालक को भद्र व्यवहार करने के लिए समझाने लगा। गोशालक पर इसका उल्टा ही असर हुआ। उसने तेजोलेश्या द्वारा सर्वानुभूति अनगार को भस्म कर दिया। इसी तरह सुनक्षत्र अनगार ने विरोध किया तो उसने उसे भी जला दिया। भगवान् ने गोशालक को समझाया किन्तु उसने उल्टे भगवान् पर अपनी तेजोलेश्या छोड दी। वह तेजोलेश्या भगवान् पर उतनी असरकारक सिद्ध नही हुई बल्कि उसीके शरीर मे प्रविष्ट हो उसके शरीर को जलाने लगी। भगवान् ने बतलाया—"गोशालक! तू अपने ही दुष्कृत्यो से आज से सातवें दिन छद्मस्थ अवस्था मे ही काल-कवलित होगा।" गोशालक शरीर-दाह के कारण विक्षिप्त हो गया और उसी अवस्था में वह कोष्टक चैत्य से निकल हलाहला कुम्भारिन के कुम्भकारायतन मे पहुचा। शारीरिक जलन की शान्ति के निमित्त वह कच्चा आम चूसता, मद्य-पान करता और बार-बार गीत गाता, नाचता, कुम्भारिन को हाथ जोडता और जल से देह को ठण्डा करता था। इसी प्रकार उन्मत्त अवस्था में उसने छ दिन व्यतीत किये, सातवे दिन अपना मृत्युकाल नजदीक आया जान उसे अपने पापो का भान हुआ और अपने पिछले कृत्यो का पश्चाताप करता हुआ वह कहने लगा "वस्तुत जिन मैं नही, किन्तु भगवान् महावीर ही हैं।" इस प्रकार पश्चाताप करते हुए उसने अपनी देह छोडी। गोशालक ने १६ वर्ष तक आजीविक सम्प्रदाय का प्रचार किया।

इस चौपई मे श्रमण भगवान् महावीर के जीवन की अनेक घटनायें प्रसग वश आई हैं उनमें एक घटना गोशालक को शीतलेश्या का प्रयोग कर बचाना है। महावीर के इस कार्य को स्वामीजी ने अहिंसा की दृष्टि से छद्मस्थ अवस्था की चूक मानी है। इस विषय मे उनका मन्तव्य सर्व सप्रदायो से भिन्न पडता है। जब उन्होने यह बात लिखी तो उनके शिष्य भारीमालजी स्वामी ने कहा—"गुरुदेव! इस गाथा को निकाल दें, लोग इसके कारण, व्यर्थ वितण्डावाद करेंगे।" स्वामीजी ने पूछा, "जो लिखा है वह सत्य मालूम देता है या नही।" भारीमलजी ने कहा, "है तो सत्य।" स्वामीजी ने कहा, "तब लोगो की परवाह नही।"

स्वामीजी ने महावीर के कार्यो तक को उन्हीकी सिद्धान्त-तुला पर तोला और आलोचना का भय न करते हुये अपने विचारो को स्पष्ट रूप से रखा। स्वामीजी के साहस एवं स्पष्टवादिता का यह एक ज्वलत उदाहरण है।

भगवान् महावीर ने छद्मस्थ अवस्था मे गोशालक को शिष्य बनाया, इस घटना को तो सभी जैनी अछेरा—आश्चर्यभूत—मानते हैं। स्वामीजी ने महावीर की जो भूल बताई, उसमें वे अकेले ही हैं। स्वामीजी को सत्य के मार्ग मे अकेले चलते हुए भी कभी भय नही लगा।

गोशालक भगवान् महावीर का प्रत्यनीक था। उसने तेजोलेश्या का प्रयोग कर भगवान् महावीर के समीप ही उनके दो अनगारो को भस्म कर दिया पर महावीर ने अपनी शक्ति शीतलेश्या का प्रयोग कर उनकी रक्षा न की। अहिंसा की दृष्टि से महावीर का यह कार्य अर्थ-गभीर है।

गोशालक गुरु-निंदक था। इस कृति के अन्त मे शिष्यो को यह बोध मिलता है कि वे कभी भी गुरु की आशातना न करें :—

आचार्य नें उवझाए ना ए, प्रतणीक मत होयजो कोय।
अजस कीजो मती ए, वले आगुण मत बोलजो सोय॥

वले अकीरत करजो मती ए, कीधा हुवें दुख अतंत।
मों जिम संसार में ए, भमण करोला बार अनंत॥

२—चेडा कोणक री सिंध :

इस कथा के आधार 'निरयावलिका' और 'भगवती' सूत्र हैं।

चम्पा नगरी में श्रेणिक का पुत्र कोणिक नामक राजा राज्य करता था। उसकी पद्मावती नाम की अत्यन्त रूपवती रानी थी। श्रेणिक ने राज्य के ग्यारह हिस्से कर पुत्रो मे बाँट दिए थे। विहल कुमार को राज्य के दो रत्न हाथी और हार दिये। वह पिता के दिये हुए सेचनक हाथी पर आरूढ हो दिव्य कुण्डल, वस्त्र और हार को पहन विलास करता था। उन्हे देखकर पद्मावती रानी ने सेचनक हाथी एवं हार को अपने अधीन करने के लिए पति को प्रेरित किया। कोणिक ने रानी को बहुत समझाया परन्तु रानी ने हार और हाथी प्राप्त करने का हठ नही छोडा। अन्त में रानी की बात मान कर कोणिक ने विहल से हार और हाथी की याचना की। उत्तर में कुमार ने कहा—"आप मुझे राज्य का हिस्सा दे तो मैं हार और हाथी देने को तैयार हूँ।" कोणिक ने यह स्वीकार नही किया। तब कुमार हार और हाथी लेकर अपने नाना चेटक के यहाँ विशाला नगरी पहुच गया। कोणिक को जब यह मालूम हुआ तब उसने चेटक के पास दूत भेजकर कुमार सहित हार और हाथी की माँग की। साथ में यह भी कहला भेजा कि अगर कुमार और हार-हाथी को नहीं लौटाया, तो युद्ध के लिये तैयार हो जाय। चेटक ने दूत के द्वारा कहला भेजा—"हमें युद्ध मजूर है किन्तु शरणागत कुमार को हम लौटाने के लिए तैयार नही।"

इस प्रकार कोणिक अपने काल कुमार आदि दसो सौतेले भाइयो के साथ अपनी विशाल सेना लेकर आ गया। चेटक राजा ने भी अपने अठारह देशो के राजाओ को सेना सहित युद्ध के लिये बुला लिया। दोनो में घोर संग्राम हुआ। चेटक ने अपने अमोघ बाणो से दसों कुमारों को सेना सहित युद्ध में मार डाला। कोणिक ने, अपने दसो भाइयों को मरा हुआ देख, अपनी हार सुनिश्चित जान, देवाराधन किया। शक्रेन्द्र और चरमेन्द्र उपस्थित हुए। शक्रेन्द्र प्रसन्न हुआ और उसने राजा को वज्र कवच दिया जिसे पहनने के बाद उस पर बाणो का कोई असर नहीं होता था। इन्द्र के अमोघ कवच से कोणिक युद्ध मे जीत गया। महाशिलाकटक और रथमूसल के दो सग्राम हुए। पहले में ८४ लाख और दूसरे मे ९६ लाख मनुष्य मारे गये। महाराजा चेटक हार गये। उन्होंने संथारा किया और वे मर कर १२ वें देवलोक में उत्पन्न हुए। हाथी अग्निकुण्ड मे गिर कर मर गया। हार देवता ले गये। विहल कुमार ने वैराग्य भाव से दीक्षा ली। युद्ध मे मारे गये काल कुमार आदि की दसो माताओ ने भी दीक्षा ली और रत्नावली, कनकावली आदि तप कर अपने जीवन को सार्थक किया। विहल कुमार, हार और हाथी कोणिक के हाथ नही आये।

इस सिंध के आरम्भिक अश मे कोणिक ने अपने पिता श्रेणिक को किस तरह कैद किया और किस तरह श्रेणिक ने आत्म-हत्या की इसका बडा हृदय-द्रावक वर्णन है।

लोभ युद्ध का मूल कारण किस तरह है, यह इस द्वितीय रत्न मे बडे मार्मिक ढग से बतलाया गया है। युद्ध का जैसा रोमांचकारी वर्णन इसमें है, उससे युद्ध की विभीषिका का भयानक चित्र सामने खिंच जाता है और युद्ध से तीव्र घृणा उत्पन्न हो जाती है। "सग्राम मे मारे जाने से स्वर्ग की प्राप्ति होती है"—इस मिथ्या धारणा को भगवान महावीर ने कैसे दूर किया, इसका उल्लेख इस आख्यान मे है। जब चेटक राजा संग्राम मे गया तो उसका सेनापति वरुण भी उसके साथ था। वरुण नागराज का पौत्र था। वह बेले-बेले पारण किया करता और जीव-अजीव आदि तत्त्वो

का जानकार था। चेटक ने उसे रथमूसल सग्राम मे भेजा। वेले के पारण का दिन था, पर जब राजा की आज्ञा से युद्ध मे जाना पडा तो उसने तेला कर लिया। वह यह अभिग्रह लेकर युद्ध-क्षेत्र मे प्रविष्ट हुआ कि मैं पहले किसी पर वार न करूंगा। रथ में बैठ वह सग्राम-भूमि मे आया। उसके साथ दर्भ का संस्तारक—बिछौना था। कोणिक की पक्ष से वार करने का आह्वान किया गया। वरुण बोला, "मेरे अभिग्रह है। 'हूं पेंहली न करूँ पर घाव'—मै पहले पर-घात नही करता।" शत्रु के वाण से वरुण घायल हुआ। इस पर उसने भी वाण से वार किया और शत्रु को मार गिराया। इसके बाद वह संग्राम-भूमि से निकल एकान्त स्थान मे गया। डाभ का संस्तारक बिछा, आलोचना कर निशल्य हो, सिद्धो को 'णमोत्थुण' कर सथारा—आमरण अनशन कर दिया। उसका बाल मित्र भी उसके समीप आया और उसका अनुसरण करते हुए उसने भी सथारा कर दिया। वरुण ने धर्म का आराधन करते हुए समाधि-मरण प्राप्त किया। यह जान कर देवी-देवताओ ने हर्ष से नाटक रचा और वरुण के कलेवर पर गधोदक तथा फूलो की वर्षा की और वडा महोत्सव किया। देवी-देवताओ को देख कर लोगो ने किंवदन्ती शुरू कर दी 'सगराम में लडनें मरें जी, वरें अपछरा आय'—जो सग्राम मे लड कर मरता है उसे आकर वरण करती हैं।" गौतम ने लोगो की यह वात महावीर तक पहुँचायी। भगवान् ने वरुण की सारी बात बता कर महोत्सव का सच्चा कारण वरुण का धर्माराधन बताया। स्वामीजी इसी बात को ध्यान मे रख कर कहते हैं :—

क्रोधी मांनी थका मरे तेहनें जी, न वरे अपछरा आंण।

वैशाली नगरी के पतन की कहानी तो मनुष्य के पतन की ही कहानी है। कोणिक की गणिका ने कुलवालुड़ा साधु का किस तरह पतन किया और उसके पतन से किस तरह वैशाली का पतन हुआ—यह कथा वडी ही रसपूर्ण और उपदेशप्रद है।

चेटक और कोणिक के युद्ध का मूल कारण कोणिक की रानी पद्मावती थी। अंत मे कोणिक की जो दुर्दशा हुई, उसके मूल कारण को लक्ष्य मे रखते हुए स्वामीजी ने कहा है :—

विरची तो वाघण सूं वुरी, अण विरची करे पीत अपार।
दोनूं परकारें कंत ने, मेल दें नरक मझार॥

इसके बाद स्वामीजी ने कुलक्षणी स्त्री का जो चित्र उपस्थित किया है, वह कवि की चरित्र-चित्रण की असाधारण विशेषता का वडा सुन्दर उदाहरण है और उनकी कल्पना-शक्ति की अत्यन्त उर्वरता को प्रकट करता है। कुलक्षणी नार के चरित्र को उपस्थित करने के बाद स्वामीजी कहते हैं :—

सगला नर सारिषा नही, नही सारषी नार।
केइ भला ने केइ बुरा, चलीयो जाय ससार॥

कवि ने इस उद्गार के द्वारा यह प्रगट कर दिया है कि सब नारियो के प्रति हीन भावना का पोषण करना सत्य से परे है। पुरुषो की तरह स्त्रियाँ भी सुलक्षणी कुलक्षणी दोनो हो सकती हैं।

इस व्याख्यान का उपसहार वडा ही सारगर्भित है। उसमे युद्ध के मूल कारण का निर्देश करते हुए कनक-कामिनी दोनो को विष के समान बताया है।

३—तामली तापस रो वखाण :

यह आख्यान 'भगवती सूत्र' शतक ३ उद्देशक १ से लिया गया है।

ईशान इन्द्र के नाटक को देख कर गौतम स्वामी ने भगवान महावीर से प्रश्न किया—"भगवन्! यह ईशान इन्द्र पूर्व में कौन था और उसने कौन-सा ऐसा कार्य किया जिससे इसे ऐसा वैभव मिला ?"

तब भगवान ने फरमाया—"यह पहले बाल तपस्वी तामली तापस था। उसका कुछ परिचय इस प्रकार है ताम्रलिप्ति नाम की नगरी मे तामली नाम का गाथापति था। उसके पिता का नाम मोरीय गाथापति था। एक समय तामली गाथापति सोचने लगा—मैंने पूर्व जन्म मे बहुत पुण्य का उपार्जन किया है जिसके कारण ही मुझे इतनी प्रचुर मात्रा मे धन-सम्पत्ति प्राप्त हुई है और मेरा परिवार विशाल है। अगर अब भी अच्छा काम करूँगा, तो भविष्य मे भी ऐसा ही वैभव प्राप्त होगा। अतः मैं विशाल परिवार एव मित्र, ज्ञाति-जन को भोजन करा, काष्ठ पात्र हाथ मे ले, बेले-बेले का तप कर तपस्वी जीवन व्यतीत करूँ। दूसरे दिन उसने अपने विचार के अनुसार ज्ञाति, मित्र आदि को भोजन कराया और उन्हें वस्त्रादि से सम्मानित कर आप तापस बन गया।

प्राणामा प्रवज्या को धारण कर वह सूर्य के सम्मुख बाहुओ को ऊँचा कर आतप सहने लगा। बेले के पारण के दिन वह जो आहार लाता उसे २१ बार धोकर नि सत्व बना कर खाता था।"

गौतम स्वामी ने बीच ही मे भगवान से पूछा—"भगवन् ! प्राणामा प्रवज्या कैसी होती है ?" भगवान ने कहा—"जो भी जीव सामने मिले— चाहे वह सेठ हो या सेनापति, कौवा या कुत्ता उसे प्रणाम करना प्राणामा प्रव्रज्या है। तामली तापस ने इसी जिन-आज्ञा बाहर प्राणामा प्रव्रज्या को धारण कर तप किया। अन्तिम समय मे उसने पादोपगमन सथारा किया। उस समय बलिचंचा नगरी इन्द्र रहित थी। देवताओ ने तपस्वी तामली के मन मे इन्द्र-पद की कामना उत्पन्न करने की चेष्टा की। पर तामली ने अपनी तपस्या के बदले इन्द्र-पद की कामना नही की। साठ हजार वर्ष का आयुष्य पूर्ण कर तप के प्रभाव से वह स्वाभाविक तौर से ईशान देवलोक का इन्द्र हुआ।

"इधर बलिचचा राजधानी के देवताओ को जब यह मालूम हुआ कि तामली तापस ईशान देवलोक का इन्द्र हुआ है तब वे बहुत क्रुद्ध हुए और तामली तापस की मृत देह की दुर्दशा करने लगे। जब ईशानेन्द्र को इसका पता लगा तब अत्यन्त क्रुद्ध हो उसने तेजोलेश्या छोड़ी जिसके कारण देवी-देवताओ के शरीर जलने लगे। देवताओ ने अपने अपराध की क्षमा मांगी। ईशानेन्द्र ने उन्हें क्षमा प्रदान की। अब बलचचा राजधानी के देव ईशानेन्द्र का खूब सम्मान करने लगे और उसे अपना अधिकारी मानने लगे।" भगवान महावीर ने कहा—"गौतम ! पूर्वोक्त तपस्या के प्रभाव से ही ईशान इन्द्र ने यह ऋद्धि प्राप्त की है।"

आगम मे कहा है—धर्म क्रिया केवल कर्मक्षय के लिए करनी चाहिये अन्य किसी सांसारिक हेतु के लिए नही। इस व्याख्यान मे स्वामीजी ने इस सिद्धान्त के साथ-साथ इससे सम्बन्धित एक अन्य सिद्धान्त पर भी प्रकाश डाला है। जैसे धर्म-क्रिया मोक्ष के लिये करना उचित है उसी तरह धर्म-क्रिया करने के बाद उसके बदले मे सांसारिक फल की कामना करना भी उचित नही। जो धर्म-क्रिया कर बदले मे निदान—सासारिक फल की कामना—करता है उसकी धर्म-करनी ससार-वृद्धि का कारण होती है। इस व्याख्यान के प्रारभिक दोहे बडे ही सुन्दर हैं और उसके सार को अच्छी तरह उपस्थित कर देते हैं

जिन सासण में इम कह्यो, करणी करनी छे मुगत रें काज।
करणी करे नीहाणो नही करें, ते पामे मुगत रों राज॥
करणी करे नीहाणो करे, ते गया जमारो हार।
सभूत नीहांणो कर ब्रह्मदत्त हूवो, गयो सातमी नरक मझार॥
करणी करें नीहांणो नही करे, ते गया जमारो जीत।
तामली तापस नीहांणो कीधो नही, तो इसाण इन्द्र हुवो छे वदीत॥

जब देवी-देवताओ ने बाल-तपस्वी तामली तापस को इन्द्र बनने के लिए निदान करने की प्रार्थना की तब उसके मन मे जो विचार उठे उनको स्वामीजी ने उसके मुह से बड़े ही मार्मिक रूप से प्रगट करवाया है। तामली सोचता है

मूंन साझ रह्यो पिण बोल्यो नही, नीहाणो पिण न कीयों कोय।
बले मन मे विचार इसडो कीयो, करणी बेच्या आछो नही होय॥
जो तपसा करणी म्हारे अलप छे, घणो चिंतव्यो हुवे नही कोय।
जो तपसा करणी म्हारे अति घणी, थोडो चिंतव्यो सताब सूं होय॥
जेहवी करणी तेहवा फल लागसी. पिण करणी तो बाझ न कोय।
तो नीहांणो करू किण कारणे, आछो कियां निश्चे आछो होय॥

इसके बाद स्वामीजी उपसहार करते हुए कहते हैं

जिन मत माहे पिण इम कह्यो, नीहाणो करे तप खोय।
तेतो नरक तणो हुवे पावणो, वले चिहूं गति मांहे दुखीयो होय॥

इस व्याख्यान मे प्रणामा प्रव्रज्या के स्वरूप पर भी बडा अच्छा प्रकाश डाला है। प्राणामा प्रव्रज्या मे कौवे, कुत्ते तक को प्रणाम किया जाता है। स्वामीजी कहते हैं—इस तरह सब का विनय करने मे तामली तापस धर्म मानता था, यह उसका पाखण्ड था। तामली तापस बाल-तपस्वी था। तपस्या और आतापना के कष्ट से उसके कर्म अवश्य कटते थे। पर प्राणामा प्रव्रज्या मे धर्म नही मानना चाहिये, वह जिन-आज्ञा से बाहर है

प्रणाम प्रवजा लीधी छे इण रीते, ते विनों करे सकल नो ताहि।
तिणमे धर्म जाणें छे तामली तापस, तिण सूं तिणने घाल्यो छे पाखडंया मांहि॥
तिणरे कष्ट छे तपसा ने आतापना रो, तिण सू करम कटे छे ताम।
वले घटाय दीधी तिसणा ने ममता, ओरा बिच इणरा सरल परिणाम॥

४—उदाई राजा रो वखांण :

यह आख्यान 'भगवती सूत्र' शतक १३ उद्देशक ६ से लिया गया है।

सिंधु सौवीर देश मे वीतभय नाम का एक नगर था। उसके अधिपति महाराजा उदायन थे। उनकी महारानी का नाम था प्रभावती और पुत्र का नाम अभीचि कुमार। महाराजा उदायन का भांजा केशी कुमार था। वह वही रहता था। उदायन राजा बारह व्रत धारी श्रावक थे। एक समय पोषध करते हुए रात्रि के अन्तिम प्रहर मे उनके मन मे विचार आया कि अगर भगवान महावीर स्वामी यहाँ पधार जावें तो मैं उनके दर्शन कर अपने जीवन को धन्य करूँ। भगवान महावीर स्वामी का पधारना हुआ। उदायन राजा दर्शन के लिये गया और भगवान के सामने दीक्षा की भावना प्रदर्शित की। भगवान को वदन कर वापस आते समय रास्ते मे सोचने लगा—"अगर मैं पुत्र को राज्य का भार सौपू तो वह राज्यश्री मे मुग्ध हो नरक गति मे जायगा। अत इस पाप प्रवृत्ति से उसे अलग रखू, यही उसके लिए श्रेय है।" ऐसा सोच उसने अपने भांजा केशी कुमार को राज्य का भार सौपा और आप दीक्षित हो गया।

उदायन मुनि विचरण करते हुए एक समय पुन वीतभय नगर मे पधारे। राज्य के राव उमराव उदायन मुनि के पास आने-जाने लगे। राजा केशी को यह लगा कि कही मेरे मामा की मति तो नही पलट गई? उमरावो से मिलकर कही मेरा राज्य न छीन लें। ऐसा सोच केशी कुमार ने उदायन मुनि को नगर मे न ठहराने का आदेश नगर निवासियो को दिया, और साथ मे ठहराने वाले पर

सख्त कार्यवाही करने का भी आदेश दिया। एक कुम्हार ने राजाज्ञा की परवाह न करते हुए मुनि उदायन को ठहराया। जब केशी को यह मालूम हुआ तब उसने एक वैद्य के जरिये उदायन मुनि को जहर पिला दिया। मुनि ने सोचा—"मैंने इसे राज्य देकर ऐसा जहर दिया है कि जिसके कारण यह चतुर्गति मे भटकेगा। इसने मुझे जो जहर दिया है, उससे मेरा मोक्ष रुक नही सकता। मेरा अपराध ही महान् है।" इस प्रकार समभाव का चिन्तन करते हुए उन्होने केवल-ज्ञान प्राप्त किया।

अभीचि कुमार वीतभय से निकल कर चम्पा नगरी के अधिपति कोणिक के पास चला गया और वही रहने लगा। वह श्रावक व्रत पालने लगा। किन्तु राज्य न देने के कारण अपने पिता मुनि के प्रति उसका द्वेष-भाव दूर नही हुआ। उसने अन्तिम समय मे १५ दिन का सथारा किया किन्तु पिता मुनि से क्षमा-याचना नही की जिसके कारण वह असुर कुमार देव बना। वहाँ का आयुष्य पूर्ण कर महाविदेह में जन्म-ग्रहण कर मोक्ष प्राप्त करेगा।

जब उदायन ने पोषध मे धर्म-जागरण करते हुए विचार किया—'यदि भगवान महावीर स्वय यहाँ आवें तो मैं उनसे दीक्षा ग्रहण करूँ'—उस समय भगवान चपा मे थे जो वहाँ से सात सौ कोस दूर थी। राजा उदायन के मनोगत भावो को जानकर भगवान उतनी दूर से वीतभय नगरी पधारे। भगवान की यह कितनी बडी कृपा थी इसको बताने के लिये स्वामीजी ने जो दोहे लिखे हैं, वे अत्यन्त भक्ति-रस से सने हुए हैं :

चम्पा ने वितभय विचे, कोस सात सो वीच।
परवत पाहड़ भगी घणी, विचे नदी खाल जल कीच॥
जल विण सूके रूंखडा, कुमलावे कूपल पान।
त्याने सीचे जल ल्यायने, वागवान बुधवान॥
जल सिंच्या रूख पालवे, हुवे डहडायमांन।
फूल फल सर्व नीपजे, नीला रहे तिहां पान॥
रूंख जिम भव जीवडा, वागवांन भगवान।
वाणी जल धारा जिम जाणजो, घालें भव जीवा रे कान॥
सवर निरजरा फूल जिम, फल जिम मुगत निधान।
जस कीरत महिमा पान जिम, ते जाणे बुधवान॥
राय उदाई रे कारणे, भगवत कीयो विहार।
चंपा नगरी थी नीकल्या, साथे साधां रो बहु परिवार॥

राजा उदायन को स्थान न देने की घोषणा करने पर भी कुम्हार उन्हे स्थान देता है। उस समय उसके मन मे जो भाव उठते हैं वे असहयोग की भावना के उत्कृष्ट उदाहरण हैं और उनमे सत्याग्रह के पावन बीज हैं। वह सोचता है :

हू इण साध ने जायगा रहण देसूं, म्हांरो कांई करसी राजा रूठो रे।
भाडा वासण ने सगला गधेडा, पेहले छेहडे लेसी लूटो रे॥
इसडो तो धन म्हांरे घर मे न दीसे, राजा खोसे लेवे ते दीसें नांही रे।
कदा जीवा मारें तो मरणो कवूल छे, साधु ने तो उतारूं घर माही रे॥

राजा के कहने से जब वैद्यो ने मुनि उदायन को औषध मे जहर देना मजूर कर लिया तब स्वामी जी लिखते हैं :

चाकर कूकर वेहू सरीखा, धनी चलावे ज्यू चाले रे।

अभीचिकुमार श्रावक और तपस्वी होते हुए भी द्वेष-भाव का त्याग न कर सका। इससे १५ दिन का सथारा करने पर भी वह जैन धर्म का विराधक रहा। स्वामीजी कहते हैं ·

एहवा धेप सूं समकत वरत खोवे, केइ अनंत ससारी होवे रे।
श्रावक ने एहवो धेष न करणो, परभव सूं अहोनिस डरणो रे।

५—सकडाल पुतर रो वखांण :

सकडालपुत्र का वर्णन 'उपासकदशा सूत्र' के सातवें अध्ययन मे आता है।

वह मंखलि पुत्र गोशालक का अनुयायी था जो आजीविक सम्प्रदाय का नायक था तथा जिसकी मुख्य मान्यता नियतिवाद की थी। एक समय भगवान महावीर स्वामी सकडालपुत्र की कुम्हार शाला मे पधारे। महावीर स्वामी के साथ शास्त्रार्थ कर वह उनका उपासक बन गया। उसकी पत्नी अग्निमित्रा भी भगवान की उपासिका बन गई। जब गोशालक को यह मालूम हुआ तब वह सकडालपुत्र के पास आया और भगवान महावीर के गुणगान करता हुआ उसे पुन अपना उपासक बनाने के लिये प्रयत्न करने लगा। किन्तु गोशालक अपने प्रयत्न मे सफल नही हुआ और वापस लौट गया। सकडालपुत्र पोलासपुर का रहने वाला था और उसके पास चार करोड की सम्पत्ति थी। उसने २० वर्ष तक श्रावक के व्रत पाले। पाँच वर्ष तक श्रावक प्रतिमा का पालन किया और एक मास का सथारा कर प्रथम देवलोक मे गया। वहाँ से आयुष्य पूर्ण कर महाविदेह मे सिद्ध-पद प्राप्त करेगा।

यह व्याख्यान कई दृष्टियो से बडा महत्वपूर्ण है। नियतिवाद और पुरुषार्थवाद का अन्तर इस व्याख्यान से प्रगट होता है। गोशालक नियतिवादी था। भगवान् महावीर पुरुषार्थवादी थे। सकडाल-पुत्र ने किस तरह पुरुषार्थवाद स्वीकार किया, उसका बडा सजीव वर्णन इसमें है। महावीर मे कौन-कौन सी विशेषताएँ थी यह भी गोशालक और सकडाल पुतर के वार्तालाप रूप मे इस व्याख्यान मे सुन्दर रूप में वर्णित है। असयमी दान मे धर्म तप नही इसका स्पष्ट उल्लेख इसमे है। सकडालपुत्र ने धर्म-प्रज्ञप्ति ग्रहण की। देवता ने उसे धर्म छोड़ने के लिए कहा किन्तु वह अपने धर्म-मार्ग मे अविचल रहा। आखिर मे देव ने उसे धर्म से विचलित करने के लिए उसकी स्त्री को मार डालने का भय दिखाया। इस पर सकडालपुत्र के हृदय मे मोह अनुकम्पा जाग गई। इस भावना से कि कही देव उसकी भार्या को मार न दे वह उस देव को पकडने के लिए उठा। देव अर्न्तधान हो गया। सकडालपुत्र के हाथ मे खम्भा आया। इस समय उसकी स्त्री के मुह से स्वामीजी ने जो शब्द निकलवाये हैं वे गूढ दार्शनिक तत्व और धर्म-रस से भरे पड़े हैं .

बेटां री बेलां तो दिढ रह्या थे, चोखा राख्या परिणांमो॰ रे।
मोने बचावण उठ्या किण लेखे, ओ तो भूंडो कीयो थे कांमो रे॥ ३॥
जिण रीतें बेटा रो थे त्यागन कीधो, जिण रीतें त्यागी थे मोयो रे।
तो थे मोनें बचावण उठ्या इण बेला, वरता सांह्यो थे क्यू नही जोयो रे॥
थारो भागो पोसो वरत ने नेम, मोनें बचावण काजो रे।
थे तो श्रीजिण वचन साह्यो नही जोयों, थे तो मोटो कीयो अकाजो रे॥
पोसा मांहे ममता किणरी न करणी, सावद्य जोग तणा छे त्यागो रे।
थे मोनें बचावण रो सावद्य सेव्यो, पोसो नें व्रत नेम भागो रे॥
तिण रो प्राछित लो थे आलोवण करने, राखे सुघ परिणांमो रे।
सल काढे सुध हुआं तिणसूं, सीझें आतम कामो रे॥
सकडालपुतर श्रावक सुणने, वचन कर लीधो परमांणो रे।
ते आलोय प्राछित ले सुध हुवो, अस्त्री नो वचन सत जांणो रे॥

ओ तो अस्त्री नें बचावण उठ्यो, तिण अस्त्री न जांण्यों धर्मो रे।
आ ओलखावण सावद्य निरवद री, तिण रो विरला जांणें मर्मो रे॥

६—सुबाहु कुमार रो वखांण

स्वामीजी ने यह आख्यान 'सुख विपाक सूत्र' के प्रथम अध्याय से लिया है।

सुबाहु कुमार हस्तिशीर्ष नगर के राजा अदीनशत्रु एव महारानी धारणी का आत्मज था। उसका विवाह पांच सौ राजकुमारियो के साथ हुआ। एक समय भगवान महावीर स्वामी पुष्पकरण्डक उद्यान मे पधारे। सुबाहु कुमार भी भगवान के दर्शन के लिए गया। भगवान की वाणी सुन उसने श्रावक के बारह व्रत धारण किये और प्रभु को वन्दन कर अपने स्थान को चला गया। सुबाहु कुमार के इष्ट, कान्त, प्रिय, मनोज्ञ रूप को देख कर गौतम स्वामी प्रभावित हुए और भगवान से प्रश्न पूछा—"भगवन्! सुबाहु कुमार ने ऐसा क्या दिया, क्या खाया, क्या किया और किस निर्ग्रन्थ श्रमण का एक भी सुवचन सुनकर धारण किया कि जिससे ऐसा वैभव उसे प्राप्त हुआ है।" उत्तर मे भगवान ने फरमाया—"सुबाहुकुमार पूर्व जन्म मे हस्तिनापुर नाम के नगर में सुमुख नाम का वैभव-शाली गाथापति था। उसने मास खमण तप करने वाले सुदत्त अनगार को अत्यन्त शुद्ध भाव से आहार दिया। आहार देते समय अपने उत्कृष्ट भावो के कारण उसने मनुष्य का आयुष्य बाँधा और संसार का आवागमन घटाया—ससार को सक्षिप्त किया। पूर्व जन्म के इस सुपात्रदान से सुबाहुकुमार ऐसा हुआ है।"

सुबाहुकुमार ने बहुत काल तक श्रावक व्रत पाला। पश्चात् भगवान महावीर स्वामी के पास दीक्षा ली और मासिक सथारा करके देवलोक को प्राप्त हुआ। अन्त मे महाविदेह मे सिद्ध-पद प्राप्त करेगा।

इस व्याख्यान मे यह बात स्पष्ट की गई है कि पूर्व भव मे दिये हुए सुपात्रदान से बाद के भव मे धर्म का पालन किस तरह आसान होता है और किस तरह मनुष्य साधु या श्रावक होकर अपना कल्याण कर सकता है।

जेहवो बीज वावें तेहवा फल लागे,
ज्यूं धर्म पामे भवो भव आगे।

मनुष्य जैसा बीज बोता है वैसा ही फल उसे आगे मिलता है। उसी तरह जो इस भव मे धर्म करता है उसे भविष्य मे भव-भव में धर्म करने का अवसर प्राप्त होता रहता है।

सुबाहुकुमार पूर्व भव मे सुमुख गाथापति था। वह मिथ्यात्वी था पर उसने साधु को बड़े हर्ष के साथ दान दिया जिससे ससार को घटा कर उसने मनुष्य-भव का बध किया और धर्म सुनकर श्रावक बना। बाद मे वह साधु होकर अनुक्रम से मोक्ष में गया। सुपात्र दान का फल बतलाते हुए कवि कितनी अर्थ-गभीर वाणी मे बोलता है

बीज सारू फल लागसी, कर देखो मन मे विचार।
ज्यूं दान सुपातर बीज मोख रों, आवागमण मिटावण हार॥
उत्तम बीज बायां थकां, उत्तम विरख हुवे ताय।
पान फलादिक सर्व पेहिली हुवे, अनुक्रमें छेहले फल थाय॥
ज्यूं दान सुपातर ने दीयां, पुन बधे करम सोख।
पेहला पुन बधीया ते भोगवी, अनुक्रमें पछे जावें मोख॥

बीज के अनुसार ही फल होता है। सुपात्र दान मोक्ष का बीज है। वह आवागमन—जन्म-जन्मान्तर को मिटानेवाला है। उत्तम बीज के बोने से उत्तम वृक्ष होता है। पहले पान, फूल आदि

होते हैं और अंत मे फल होता है। वैसे ही सुपात्र दान से पाप का क्षय हो पुण्य का बध होता है। पुण्य बध के कारण पुण्योदय से वह पहले पान, फूल आदि के समान सांसारिक सुखो को भोगता है और फिर अनुक्रम से अतिम फल स्वरूप वह मोक्ष को प्राप्त करता है।

स्वामीजी के इन वचनो मे साधन और साध्य का सम्बन्ध भी वडे सुन्दर रूप मे प्रगट हुआ है। जैसा साधन होता है वैसा ही फल मिलता है। सुपात्रदान मोक्ष का साधन है कुपात्रदान नही। जिसका साध्य मोक्ष है उसका साधन भी तदनुकूल होना चाहिए। विपरीत साधन से साध्य-मोक्ष की प्राप्ति नही हो सकती। पश्चिम की ओर जाने के मार्ग से कोई पूर्व नही पहुच सकता।

७—मृगालोढा रो वखांण :

यह आख्यान 'दुख विपाक सूत्र' के प्रथम अध्ययन के आधार पर है।

मृगा नगर मे विजय क्षत्रिय नामक राजा था। उसकी रानी का नाम मृगा देवी था। उसके एक पुत्र हुआ जिसका नाम मृगा पुत्र था। वह जन्म से ही अधा, वहिरा, गूगा और लगडा था। सस्थान भी उसका हुडक था। उसके हाथ-पैर आदि कोई अग-उपांग नही थे, केवल शरीर में इनकी आकृतियाँ मात्र थी। मृगा देवी उसे छिपा कर मकान के तल घर मे रखती थी। वही पर उसे खाना-पीना देकर उसका पालन-पोषण करती थी।

एक समय भगवान महावीर स्वामी मृगा नगर मे पधारे। जनता दर्शन के लिए गई। एक जन्मान्ध पुरुष, जो अत्यन्त गन्दा था और जिसके चारो ओर मक्खियाँ भिनभिना रही थी, भगवान की वाणी सुनने आया। गौतम स्वामी ने उस जन्मान्ध पुरुष को देख कर भगवान से पूछा—"भगवन्! इस जन्मान्ध पुरुष से भी अधिक दु खी कोई है?" भगवान ने फरमाया—"गौतम! है। वह इसी नगर के राजा विजय क्षत्रिय का पुत्र व मृगा रानी का आत्मज है। उसके शरीर मे कोई अगोपांग नही। केवल लोदे जैसा आकृति मात्र पिण्ड है। महारानी उसे तल घर मे रखती है।" भगवान की बात सुन गौतम स्वामी ने मृगापुत्र को देखने की इच्छा व्यक्त की और भगवान की आज्ञा ले वे मृगारानी के यहाँ पहुचे। वहाँ तल घर स्थित मृगापुत्र को साक्षात् नरक जैसा दु ख भोगते हुए देख वहाँ से वापस आ भगवान से पूछा—"भगवन्! मृगापुत्र ने ऐसा कौन-सा पाप किया था जिसका फल वह इस प्रकार भोग रहा है?"

गौतम की जिज्ञासा पर भगवान ने उसके पूर्व जन्म का वृत्तांत सुनाते हुए कहा—"गौतम! विजयवर्द्धन नाम का खेड था। उसका अधिपति इक्काई नाम का राष्ट्रकूट था। उसके आधीन पाँच सौ गाँव थे। वह वडा अधर्मी, अधर्मानुरागी, अधर्मजीवी, अधर्मसेवी, अधर्मप्रलोकी था। सदा मारो, छेदो, काटो जैसे घृणित शब्द उसके मु ह से निकलते थे। प्राणियो की विविध प्रकार से हत्या करना, उन्हें उत्पीडित करना उसका व्यवसाय हो गया था। वह चोरो का साथ देता था। लूटना, ठगना और अधिक कर वसूल करना उसके काम थे। उसके अत्याचारो से जनता काँप उठती थी। इस प्रकार उसने घोर भयकर पापो से अशुभ कर्मो का उपार्जन किया।

"किसी समय इक्काई राष्ट्रकूट के शरीर मे १६ महा भयकर रोग उत्पन्न हुए। उसने विविध प्रकार से उपचार करवाये। किन्तु रोग घटने की वजाय वढते ही गये। ऐसी अवस्था में भी उसकी पापो के प्रति अभिरुचि कम नही हुई। अन्त मे उन भयकर रोगो की हालत में २५० वर्ष का आयुष्य काल पूरा कर वह प्रथम नरक मे पैदा हुआ। वहाँ एक सागर तक दु ख भोग कर वह इक्काई राष्ट्रकूट का जीव मृगारानी के गर्भ मे आया। और यही मृगापुत्र अपने पूर्व जन्म के पापो

का फल भोग रहा है। यह मृगापुत्र कई जन्म-मरण कर अन्त में चारित्र-धर्म की आराधना कर महाविदेह में जन्म लेगा। वहाँ से पच महाव्रतो का पालन कर वह मोक्ष-गति को प्राप्त करेगा।"

मृगालोढा की स्थिति का कारण उसकी एकाइरठकूड भव की क्रूरता, पापबुद्धि और अन्तिम समय तक की आसक्ति थी। कैसी वृत्तियो से जीव की मृगालोढा की-सी दयनीय स्थिति होती है इसका चित्र स्वामीजी ने इस व्याख्यान की ढाल ८ वी मे दिया है। उसका कुछ अंश इस प्रकार है ·

ते पांच सो गांम नो अधिपति जी, एकाइरठकूट थो नांम।
ते अधर्मी अधर्म रूचे जी, रीझतों माठें कांम हो॥
वले अधर्म मीठो तेहने जी, अधर्म री मुख वात।
तिणरो अधर्म सील आचार थों जी, धर्म किरतब नहीं तिलमात हो॥
आकरा डंड लेतो घणा जी, करतो जीवां री घात।
पर सुखीये दुखीयों हुंतो जी, माठो ध्यान रहतों दिन रात हो॥

८—उंवरदत रो वखांण :

यह आख्यान 'दुख विपाक सूत्र' अध्याय ७ के आधार पर है।

एक वार ग्रामानुग्राम विहार करते हुए भगवान पाटली खंड नामक नगर में पधारे। सिद्धार्थ इस नगर का राजा था। इस नगर में गोचरी के लिए जाते हुए गौतम ने कोढ, श्वास, कास, शोथ, भगन्दर आदि सोलह असाध्य रोगो से युक्त अत्यन्त दीन-हीन अवस्था वाले एक मनुष्य को देखा। विभिन्न दिवसो मे विभिन्न मार्गों से पुर में प्रवेश करते हुए गौतम ने उसे विभिन्न स्थानो पर देखा और देख कर उन्होने भगवान से उस रोगी के पूर्व भव का वृत्तान्त पूछा।

भगवान ने कहा—"यह व्यक्ति पूर्वभव में विजयपुर नामक नगर मे कनकरथ राजा के राज्य में आयुर्वेद विशारद धन्वन्तरि नामक वैद्य था। चिकित्सा में कोई दूसरा इसकी वरावरी करने मे समर्थ नही था। वह रोगो के शमनार्थ रोगियो को विविध प्रकार के माँस, मदिरादि अभक्ष्यो को खाने का उपदेश देता और स्वय उनका सेवन करता। अपनी ३२०० वर्ष प्रमाण उत्कृष्ट आयु के व्यतीत हो जाने पर मर कर वह छठी पृथ्वी के २८ सागर की स्थिति वाले नरक में नारकी पर्याय से उत्पन्न हुआ।

"वहाँ की आयु समाप्त होने पर वह इस पाटली खण्ड नगर के ख्यातनामा सम्पन्न सार्थवाह सागरदत्त की गगदत्ता भार्या की कुक्षि से पुत्र रूप में उत्पन्न हुआ। उंवरदत्त नामक यक्ष की आराधना से प्राप्त होने के कारण इसका नाम उंवरदत्त पडा। आरम्भ में यह अहीन परिपूर्ण पचेन्द्रिय शरीरी तथा सर्वजन नयनानन्दकारी था।

"भवितव्यता के अनुसार इसके पिता सागरदत्त सार्थवाह की लवण समुद्र में मृत्यु हो गयी और पति-शोकविह्वला गगदत्ता भी मर गई।

"अव यह उंवरदत्त आवारा हो गया। राजपुरुषो ने इसे घर से निकाल दिया। भक्ष्याभक्ष्य, गम्यागम्यादि विवेकहीन होने के कारण ही यह कोढ आदि सोलह भयकर रोगो का रोगी हो दुःख भोग रहा है। यह इसके पूर्वार्जित पाप कर्मों के फल हैं, जिनको यह भोग रहा है।"

उंवरदत्त पूर्व भव मे धन्वतरि वैद्य था। उसकी चिकित्सा-प्रणाली वड़ी क्रूर थी। उसकी स्वयं की वृत्तियाँ भी वडी भयानक थी। उंवरदत्त की दुर्दशा का कारण उसकी उक्त भव की क्रूरता पूर्ण वैद्य-वृत्ति और नृशंसता थी। स्वामीजी ने धन्वन्तरि वैद्य के जीवन-पट को इस प्रकार चित्रित किया है .

नाथ अनाथ इत्यादिक बहु जी, जो आवें धनंतर पास।
त्यां सगला रो रोग गमावतो जी, साता करतो तास॥
त्यांमे कितला एक रोगीयां भणी जी, मच्छ जीवा नो मांस खवाय।
एक एक ने काछवा तणो जी, वले गाहा नो मास बताय॥
एक एक नें मगरमच्छ तणों जी, एक एक ने पंखी सुसमार।
वले बोकडा गाडर रोझ नो जी, इम सूवर मिरग विचार॥
सूसला गाय भेस तीतर तणो जी, वटेरा लावा पखी नों ताय।
कबूतर कूकडा मोर नो, यारो देतो मास वताय॥
जलचर थलचर खेचरा जी, इत्यादिक जीवा नी जात।
त्यारो मांस वतातो खावा भणी जी, यांरी दया न हूती तिलमात॥
पोते पिण या जीवां तणों जी, ग्रिधी थको मास मगाय।
सूला करे तल भूंज ने जी, ओ खातो सराय सराय॥
वले सुरा पान पीतो घणो जी, मन माहे हरख पांम।
इत्यादिक अकारज करे जी, भारी हुवो तिण ठांम॥

यह कथा आज की हिंसा-प्रधान चिकित्सा-प्रणाली पर भी लागू होती है और उस पर एक कड़ी टिप्पणी-सी है।

६—धना अणगार रो वखांण:

स्वामीजी के इस व्याख्यान का आधार 'अनुत्तरोववाई सूत्र' है।

काकन्दी नाम की नगरी थी। उसके अधिपति जितशत्रु नाम के राजा थे। वहाँ भद्रा नाम की सार्थवाहिनी रहती थी। वह विशाल धन-सम्पत्ति की स्वामिनी थी। उसके धन्ना नामक पुत्र था। युवावस्था मे ३२ श्रेष्ठी कन्याओ से उसका विवाह हुआ।

एक समय भगवान महावीर स्वामी काकन्दी नगरी पधारे। धन्ना सार्थवाह उनके दर्शन के लिए गया। भगवान की वाणी सुन उसे वैराग्य हुआ और अपनी माता को समझा कर वह साधु बन गया। जिस दिन उसने प्रव्रज्या धारण की उसी दिन धन्ना अनगार ने अभिग्रह किया कि मैं बेले-बेले का पारण करूँगा और पारण के दिन आयबिल तप रखूंगा। इस प्रकार निरन्तर तप करने से उसका सारा शरीर सूख गया और केवल अस्थि-पजर ही शेष रहा। उसने नौ महीने तक इसी तरह कठोर तप किया। अन्तिम समय मे सथारा सलेखना पूर्वक शरीर का त्याग किया। वह मर कर सर्वार्थसिद्ध विमान मे देव बना। धन्ना अनगार की वीर प्रभु ने बहुत प्रशसा की और चौदह हजार मुनिवरो मे उसे श्रेष्ठ बताया।

यह अत्यत रोमाचकारी व्याख्यान है। धन्ना की उत्कट तपस्या का वर्णन आत्मिक-शौर्य की चरम पराकाष्ठा को प्रकट करता है। भगवान महावीर ने जीवन की साधना में ज्ञान, दर्शन और चारित्र जितना ही सम्मान तप को दिया है। उनके साधु कितने कठोर तपस्वी होते थे यह इस प्रकरण से प्रकट होता है। स्वामीजी ने लिखा है

भण्या इग्यारे अंग रे, तप करडा करे।
देही नें पाडे नित पातली ए॥
जे सूर करे पचखाण रे, ते एक धारा रहे।
त्यां जीतव जनम सुधारियो ए॥

जे कायर करें पचखांण रे, तो विकलाइ करें।
त्यां जीतव जनम विगाडियो ए॥
जे कीजें त्याग वेंराग रे, करम काटण भणी।
तो घना नीं परे पालजो ए॥

१०—मल्लीनाथ रो वखांण :

स्वामीजी ने इस व्याख्यान की रचना 'ज्ञातासूत्र' के आठवें अध्याय के आधार पर की है।

विदेह की राजधानी मिथिला मे कुम्भ नामक राजा राज्य करता था। उसकी रानी का नाम प्रभावती था। उसके मल्लि नामक एक पुत्री थी और मल्लदिन्न नामक एक कुमार। मल्लि रूप मे असाधारण थी। पूर्ण युवावस्था आ जाने पर भी उसने विवाह नही किया और आजीवन कौमार्य व्रत—ब्रह्मचर्य-व्रत—पालन करने का संकल्प कर लिया।

उस समय कोशल मे प्रतिबुद्ध, अग में चन्द्रच्छाय, काशी मे शंख, कुणाल में रुप्पि, कुरु मे अदीनशत्रु और पांचाल मे जितशत्रु नाम के राजा राज्य करते थे। मल्लि के अपूर्व सौन्दर्य की कहानी इन राजाओं ने सुनी और राजकुमारी के लिये मोहित हो उन सबने अपने-अपने दूत कुम्भ राजा के पास भेजे और विवाह का सन्देश कहलाया।

राजदूतो ने आकर अपने-अपने राजाओ की मांग पेश की परन्तु कुम्भ राजा ने सभी की माग को ठुकरा दिया। अपनी मांग को अस्वीकार होते देख छहो राजाओ ने मिथिला पर चढाई कर दी। दोनो पक्षो मे भयंकर युद्ध हुआ। छहो राजाओ की विशाल सेना के सामने कुम्भ नही टिक सका। लाचार हो उसने किले के फाटक बन्द करवा दिये। छहो राजाओ ने अपनी सेनाओ से मिथिला को घेर लिया।

मल्लि कुमारी ने इन छहो राजाओं को समझाने के लिये एक युक्ति निकाली। उसने अपने ही रूप की प्रतिमा तैयार करवाई। वह प्रतिमा भीतर से पोली थी और सिर पर पेचदार ढक्कन से ढकी हुई। प्रतिमा देखने मे इतनी सुन्दर थी मानो साक्षात् मल्ली ही खडी हो।

मल्लि कुमारी उस मूर्ति मे रोज खाद्य पदार्थ डालकर उसे ढँक देती थी। एक दिन उसने अपने पिता कुम्भ राजा से निवेदन किया—पिताजी! आप छहो राजाओ को मेरे पास भेज दें, मैं उन्हें समझा कर शान्ति स्थापित कर दूंगी। महाराज कुम्भ ने वैसा ही किया। छहो राजा पुतली घर में अलग-अलग मार्ग से एक साथ आये। उन्होंने मल्लि की प्रतिमा को ही साक्षात् मल्लि कुमारी समझा और अत्यन्त मोह-विह्वल हो गये। मल्लिकुमारी ने आकर प्रतिमा का ढक्कन उघाड़ दिया। ढक्कन के खुलते ही उसमें से इतनी भयकर दुर्गंध आने लगी कि सभी ने अपने-अपने नाक ढक लिये और वहाँ से निकलने का प्रयत्न करने लगे। उपयुक्त अवसर जान मल्लि कुमारी ने छहो राजाओ को सुन्दर लगती मानवी देह की असारता बताई और भोगो के दुष्परिणामो से अवगत कराया। राजा मल्लि कुमारी के उपदेशो से बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने मल्लिकुमारी के साथ दीक्षा लेने की इच्छा व्यक्त की। छहो राजा अपने-अपने नगर लौट आये और पुत्रो को राजगद्दी पर बैठा मल्लिकुमारी के साथ दीक्षा ग्रहण की।

इस व्याख्यान में अशुचि भावना का बडा सुन्दर वर्णन है। स्त्री-वेद और तीर्थंकर-गोत्र बधने के हेतुओ का भी वर्णन है। महाबल कुमार के पूर्व भव मे मल्लिनाथ ने मित्रो से कपट कर अधिक तपस्या की। उसकी भावना अधिक तपस्या के सहारे उनकी अपेक्षा उच्च स्थान प्राप्त करने की थी, इससे उसके स्त्री-वेद का बंध हुआ।

तीर्थंकर गोत्र बंधने के हेतुओ का वर्णन इस प्रकार है:

वले वीसां थानका करी, बधे तीर्थंकर नाम कर्म।
ते बारूंवार सेविया, तिण सूं हुवे निरजरा धर्म॥
गुणग्राम करे अरिहत नां, वले सिधां रा करे गुणग्राम।
आठ प्रवचन माता रा गुण करे, गुरु रा गुण करे ले ले नाम॥
थविर बहुश्रुति नें तपसी तणा, त्यांरा पिण करे गुणग्राम।
बारबार उपयोग दे ग्यान ऊपरे, समकित ऊपर सुध परिणाम॥
विनो करे सात प्रकार नो, आवसग करे कालो काल।
सील व्रत पाले निरमलो, थोडो बोले वचन रसाल॥
अधिक तपस्या करे बोल चवद मे, पनर मे साधु ने दे दान।
दस विध वेयावच करे सोल मे, तिणरो न्याय जाणे बुधवान॥
गुरुनो कार्य करे हर्ष सू, गुरु नें उपजावे सतोप।
अठार मे भणे अपूर्व ग्यान ने, सूत्र भक्ति करे निरदोष॥
प्रवचन री करे प्रभावना, सूधो मार्ग देखा ले ताम।
समकित थापे मिथ्यात उत्थापने, ए वीसोई बोलां रा नाम॥
ए वीसोई बोल सेविया, महाबल नामे अणगार।
तीर्थंकर नाम कर्म बांधियो, ते होसी तीजा भव मझार॥

इस व्याख्यान के अन्तर्गत प्रसगवश अरणक श्रावक का वर्णन आया है। देवता ने उससे धर्म छुडाने की चेष्टा की, पर वह अडिग रहा। वह सोचने लगा

'ग्यांन दर्शन म्हारा वरत नें, इणरो कीधो विघन न थाय रे'। परिषह के समय श्रावक किस तरह सथारा व कायोत्सर्ग करे, इसका उल्लेख अरणक के प्रसग में बडे सुन्दर रूप मे आया है।

मल्लि कुमारी ने अहिंसात्मक उपदेश से युद्ध को किस तरह टाला, यह अहिंसा की शक्ति का बहुत बडा उदाहरण है। अशुचि भावना के उपदेश द्वारा मल्लि ने विपय-विप का किस प्रकार हरण किया यह भी उल्लेखनीय है।

ज्यूं आ मिनप तणी काया मांहि, असुध सारों सहीजी।
सुक्र ने लोही नो पिंड ताहि, मांही सुच कांइ नहीं जी॥
मल मूत्र नो भडार, लोही मास तेहमे जी।
तिणरे असुच बहे बारे दुवार, असुच भरें जेहमे जी॥
भूडा तिणरा सास उसास, दूरगध बारे नीसरे जी।
पित्त नीला पीला पाणी तास, वायु तिणरे सरे जी॥
थे रीझ्या एहवी नारी रे माहि, तिणरा काम भोग सुं जी।
थे लीन घणा हुवा ताहि, नारी ना सजोग सु जी॥
सडण पडण विधसण सभाव, मिनख नी देहनो जी।
ते विणस जाये इण न्याव, थे कीयो संग तेहनो जी॥
थे कनक नी पूतली देख, मल्ली जाणी एहने जी।
तिणरा रूप सू रीझ्या वशेख, भूला भर्म केहने जी॥
थे गिरधी काम भोग रे माहि, मूर्छित वले तेहमे जी।
वले इधकी इधकी थारे चाहि, खूंचे रह्या एहमे जी॥

चोखी सन्यासिनी दान और स्नान मे धर्म मानती और शौच मूल धर्म का उपदेश करती थी। शौच मूलक धर्म के स्थान मे मल्लि ने अहिंसा मूलक धर्म की श्रेष्ठता को उद्घोषित किया। यह प्रसग भारतीय चिन्तन की दो धाराओ—श्रमण और ब्राह्मण—को बड़े सुन्दर रूप मे सामने उपस्थित करता है—अब चोखी ने शौच मूलक धर्म का प्रतिपादन किया तब मल्ली बोली ·

ए वचन सुणें मल्ली कहे चोखी ने, लोही सूं भर्यो वस्त्र ताय।
बले तिण नें लोही सूं धोवीयां, चोखो थाअे के नही थाय॥
जब चोखी कहे लोही खरड्यों वस्त्र, लोही सूं उजलो नही थाय।
इण दिष्टंते चोखी धर्म ताहरो, ते सुण तूं चित्त लगाय॥
हिसा करें जीव मलीन हुवो छे, ते हिंसा सूं उजल किम थाय।
जेहवों छें चोखी धर्म तांहरो, जीव गाढा मेला होय जाय॥
हिंसा भूठ चोरी आदि सेवें अठारे, तिणसूं लागे पाप करम।
ते सेव्या में तू कहे धर्म छे, थारो घणों खोटो छे धर्म॥
वले सावद दान मे धर्म कहें तूं, तिहां मारी जाअे छ काय।
तिण हिंसा सूं न हुवे जीव उजलों, तूं सोच देख मन मांय॥
तूं धर्म कहे सोच सिनांन मे, तिहा पिण मारी जाअे छ काय।
तिण हिंसा सूं जीव न हुवे उजलो, ओ पिण सोच देख मन माय॥

लोही से भीना वस्त्र लोही से साफ नही हो सकता। हिंसा करने से जीव मलीन होता है। हिंसा से वह उज्ज्वल कैसे होगा ? पाप से धर्म कैसे होगा ? यह बात सावद्य दान की हैं।

११—थावचा पुतर रो वखांण :

द्वारिका नगरी मे कृष्ण वासुदेव राज्य करते थे। उसी नगरी मे थावच्चा गाथापत्नी रहती थी। उसके पुत्र का नाम थावच्चापुत्र था। उसके पास वैभव की कमी नही थी।

एक समय अर्हत् अरिष्टनेमि द्वारिका पधारे। थावच्चा पुत्र भी भगवान् अरिष्टनेमि के दर्शन के लिए गया। भगवान् की वाणी सुन उसे वैराग्य हुआ और दीक्षा की आज्ञा प्राप्त करने के लिए माता के पास आया। माता को इकलौते पुत्र के विछोह का बहुत दु:ख हुआ किन्तु पुत्र की उत्कट वैराग्य भावना को देख उसने दीक्षा की आज्ञा दे दी। दीक्षा महोत्सव के लिये छत्र और चँवर प्राप्त करने के लिये थावच्चा गाथापत्नी कृष्ण वासुदेव के पास गई। कृष्ण वासुदेव ने थावच्चा पुत्र का निष्क्रमणाभिषेक स्वय मनाने की इच्छा व्यक्त की। बाद मे कृष्ण ने स्वय थावच्चापुत्र के पास आ उसे दीक्षा न लेने को समझाया। थावच्चापुत्र के वैराग्य के सामने कृष्ण का कुछ न चला। अंत में कृष्ण ने भी थावच्चापुत्र को दीक्षा की आज्ञा दी। साथ में सारी नगरी मे यह घोषणा करायी कि जो भी व्यक्ति दीक्षा लेना चाहे, ले ले , उसके परिवार का भरण-पोषण कृष्ण स्वय करेगा। इस घोषणा से हजार पुरुषो ने थावच्चापुत्र के साथ दीक्षा ग्रहण की और शुद्ध रीति से संयम का पालन करते हुए रहने लगे।

एक समम थावच्चा अनगार शेलकपुर पधारे। वहाँ के राजा शेलक थे और उनकी रानी का नाम पद्मावती था। पथक प्रमुख पाँच सौ उनके मन्त्री थे। थावच्चा अनगार का उपदेश सुन शेलक राजा ने पथक प्रमुख पांच सौ मन्त्रियो के साथ श्रावक के बारह व्रत स्वीकार किये। वहाँ से थावच्चा अनगार सोगन्धिया नगरी पधारे। वहाँ सुदर्शन नाम का सेठ था। उसने थावच्चा पुत्र से श्रावक धर्म स्वीकार किया। वहाँ शुकदेव नामक सन्यासी अपने हजार शिष्यो के समूह के साथ सोगन्धिया नगरी आये। वहाँ उन्होने थावच्चा अनगार से शास्त्रार्थ किया। सुखदेव सन्यासी को थावच्चा पुत्र का मार्ग अच्छा लगा। वे हजार शिष्यो के साथ परिव्राजकत्व छोड़कर पंच महाव्रत धारी साधु बने।

थावच्चा अनगार से शुकदेव अनगार ने ग्यारह अगो का अध्ययन किया और गुरु की आज्ञा ले स्वतत्र रूप से विचरने लगे। शुकदेव अनगार विहार करते हुए शेलकपुर पधारे। शेलक महाराजा ने शुक अनगार की वाणी सुन अपने पाँच सौ प्रधानो से प्रव्रज्या लेने की इच्छा व्यक्त की। पाच सौ प्रधानो ने भी शेलक राजर्षि का साथ दिया और प्रव्रजित हुए। शेलक राजर्षि ने अगो का अध्ययन किया और अपने पाच सौ शिष्यो के साथ विचरने लगे।

एक समय अत प्रात अरस विरस आहार के करने से शेलक राजर्षि व्याधिग्रस्त हो गये और विचरते हुए शेलकपुर पधारे। मण्डुक राजा ने कुशल वैद्यो से शेलक राजर्षि की निर्दोष चिकित्सा करवाई। शेलक राजर्षि स्वस्थ हो गये किन्तु वे उत्तम आहार में गृद्ध हो जनपद विहार न कर वही रहने लगे। शेलक को आचार मे शिथिल हुआ जान, पथक को शेलक के पास छोड, ४९९ अनगारो ने जनपद विहार कर दिया।

एक समय पथक अनगार ने चातुर्मासिक प्रतिक्रमण के पश्चात् क्षमा-याचना के लिये सुख से सोये हुए शेलक का पाद-स्पर्श किया। पाद-स्पर्श से शेलक जग गये और पथक पर इस व्यवहार से क्रुद्ध हो गये। पथक ने नम्रतापूर्वक चातुर्मासिक क्षमा-याचना का दिन बताया। शेलक को अपने शिथिलाचार का भान हुआ और पुन वे प्रायश्चित्त कर शुद्ध बने और पथक अनगार के साथ जनपद विहार कर दिया। अब शेष शिष्य भी शेलक राजर्षि से आकर मिले। शेलक राजर्षि ने शुद्ध सयम का पालन किया, अन्तिम समय मे सलेखना की और केवल-ज्ञान प्राप्त कर मोक्ष गति को प्राप्त हुए।

यह व्याख्यान वैराग्य-रस से भरा हुआ है।

दीक्षा के पूर्व जब थावच्चापुत्र नेमिनाथ भगवान के दर्शन के लिए गये उस समय नेमिनाथ भगवान ने उन्हे जो उपदेश दिया उसको स्वामीजी ने वडे मार्मिक ढग से उपस्थित किया है। उसकी कुछ गाथाएँ इस प्रकार हैं

लोकालोक नवोई पदार्थ, त्यांने रूडी रीत पिछाणो।
या जाण्या विण समकत नांही, तिणमे शका मत आणो ॥
समकत सहीत सूस करेने, करम आवता रोको।
तप कर पूर्व करम खपावो, ज्यूं पामो अविचल मोखो ॥
नव तत रो निरणो नही कीधो, ते समदिष्टी नाही।
समकत विना वरत नही छे, ओ निरणो करो घट माही ॥
समकत विना कोइ करणी करे तो, करम निरजरा थावे।
शुभ जोग वरत्या सूं पुन बधे पिण, पाप करम नही रुकावे ॥
समकत सहीत वरत करे तो, पाप कर्म रुक जावे।
तप करे पूर्व करम खपावे, ते बेगा मुगत सिधावे।
तन धन जोवन सगला कारिमां, कारिमो सगलो परिवार।
तिण माहे जे मुरझ रह्या छे, त्या जीतव दियो विगार ॥
कुगुर तणी सगत नही कीजे, ते मिथ्यात घट मे घाले।
ते हिसा माहे धर्म धरावे, तिण सूं भव भव दुःख साले ॥
कालो नाग छे अति ही भूडो, ते एकण हीज भव मारे।
कुगरु उधी सरधा सू, अनता जामण मरण वधारे ॥
पांच इन्द्री ना कांम भोग छे, त्यारी विषे कही तेवीसो।
त्यामे गिरधी होय रह्या छे, ते बूडा वीसवावीसो ॥

विषय कषाय ने विष सम जांणो, समता रस घट आंणो।
भोग रोग ने दूर तजो थे, ज्यू पामों पद निरवाणो॥
सर्व धर्म साधु रो पूरो, देस धर्म श्रावक रो जाणो।
ए मुगत मारग छे दोनूं निरवद, त्याने रूडी रीत पिछाणो॥

१२—द्रौपदी रो बखांण :

इस कथानक का आधार 'ज्ञाता सूत्र' का १६ वा अध्याय है।

चपा में सोम, सोमदत्त और सोमभूत तीन सहोदर भाई रहते थे। नागश्री, भूतश्री और जयश्री क्रमश इनकी पत्नियाँ थी। एक समय नागश्री ने एक तुम्बी का शाक बनाया। बनाने के बाद जब उसने शाक को चखा तो वह कड़ुवा था। उसने उसे मास खमन तप करने वाले तपोधनी धर्मरुचि अनगार को बहरा दिया। मुनि उसे अपने स्थान पर ले आये। धर्माचार्य ने उसे चखा तो उन्हे वह अत्यन्त कड़ुवा लगा और धर्मरुचि अनगार से उसे बाहर अचित्त भूमि में परठने को कहा। धर्मरुचि उस शाक को लेकर अचित्त भूमि में गये और वहाँ उस शाक का एक बूंद परठा। उसे सैकडो चीटियाँ आकर खाने लगी, और खा-खा कर मरने लगी। उन्होंने सोचा—एक बून्द से इतनी चीटियाँ मर गई, अगर सारा ही यहाँ डालू तो न जाने कितने प्राणियो का सहार होगा। यह सोच उन्होने स्वय उसे खा लिया। कटु शाक के खाने से उनके शरीर मे अत्यन्त पीडा होने लगी। और वही पर सलेखना ले वे समाधिपूर्वक मृत्युगत हुए और सर्वार्थसिद्ध विमान मे देव रूप मे उत्पन्न हुए।

नागश्री के कारण धर्मरुचि अनगार की मृत्यु हो गई। यह सवाद जब उसके कुटुम्बियो ने जाना तो उसे घर से निकाल दिया। नागश्री के शरीर मे १६ महारोग हो गये और उन्ही के कारण उसकी मृत्यु हो गई। मर कर वह नरक मे गई। कई भव-भ्रमण के पश्चात् उसने चपापुर में सागरदत्त सेठ के घर पुत्री रूप में जन्म लिया। वहाँ उसका नाम सुकुमालिका रखा गया। सुकुमालिका का विवाह सागर नामक श्रेष्ठी पुत्र से हुआ। सुकुमालिका का शरीर-स्पर्श श्रेष्ठी पुत्र को अत्यन्त रूक्ष और तीक्ष्ण लगा। इससे दु खी हो उसने उसका परित्याग कर दिया। सागरदत्त सेठ ने सुकुमालिका का विवाह पुन एक भिखारी से किया किन्तु उसे भी उसका देह-स्पर्श अत्यन्त दुखदायी लगा। उसने भी उसका परित्याग कर दिया।

अन्त में सुकुमालिका आर्या गोपालिका से दीक्षा ले साध्वी बनी और कठोर तप करने लगी। मर कर वह देवलोक मे जन्मी। देवलोक का आयुष्य पूर्ण कर कंपिलपुर के महाराजा द्रुपद के घर रानी चुलणी से उसने जन्म लिया। द्रुपद महाराजा ने उसका नाम द्रौपदी रखा। जब वह युवा हो गई तो उसका विवाह स्वयवर पद्धति से हस्तिनापुर के महाराजा पाण्डु के पाँच पुत्र पाडवो से किया। द्रौपदी अपने पाँच पति के साथ सुखपूर्वक रहने लगी।

एक दिन कच्छुल्ल नारद पाण्डुराज की सभा मे आये। उस समय महाराज पाण्डु, उनकी पत्नी कुन्ती, पाँच पाण्डव व द्रौपदी एक साथ बैठे बातें कर रहे थे। कच्छुल्ल नारद को देख महाराज पाण्डु, कुन्ती देवी और पाँचो पाण्डव खड़े हुए और सम्मानपूर्वक उन्हे आसन पर विठाया। द्रौपदी ने कच्छुल्ल नारद को मिथ्यात्वी जान न उनका सम्मान ही किया और न नमस्कार ही। इस व्यवहार से नारद बहुत क्षुब्ध हुए। इसका बदला लेने की भावना से कच्छुल्ल नारद धातकी खण्ड द्वीप की अमरकंका राजधानी मे वहाँ के राजा पद्मनाभ के महल मे गये। पद्मनाभ ने नारद का सत्कार किया। नारद के मुख से उसने द्रौपदी के रूप का वर्णन सुना। अत्यन्त रूपवती द्रौपदी को पाने का उसने

निश्चय किया। नारद चले गये। पद्मनाभ ने देव की सहायता से द्रौपदी का अपहरण करवा कर उसे महल मे मगवा लिया।

द्रौपदी के अचानक महल से गायब होने पर पाचो पाण्डव एव महाराजा पाण्डु ने बहुत खोज की परन्तु द्रौपदी का पता नही चला। आखिर नारदजी से कृष्ण को द्रौपदी का पता मिल गया। पाँचो पाण्डवो को साथ ले श्रीकृष्ण अमरकका गये। वहाँ पद्मनाभ को हराकर द्रौपदी को वापस ले आये। कालान्तर मे द्रौपदी ने दीक्षा ली। बहुत वर्ष तक सयम की आराधना कर एक मास का सथारा किया। आयुष्य पूरी कर पाँचवें देवलोक मे उत्पन्न हुई। पाँच पांडवो ने भी दीक्षा ली और केवल-ज्ञान प्राप्त कर सिद्ध बुद्ध हुए।

यह व्याख्यान कई दृष्टियो से बडा महत्वपूर्ण है। अहिंसा के लिए धर्मरुचि का बलिदान बडा लोमहर्षक है। कही चीटियो की हिंसा न हो जाय इस दृष्टि से उन्होने अपने मानव-देह का उत्सर्ग कर दिया।

धर्मरुचि की इस समय की भावना को प्रकट करते हुए स्वामीजी लिखते हैं ·

> एक विंदू परठ्या इतनी कीड्या मुंई, ते सगलो परठ्यां हुवे अतंत संघार।
> तो मो नें श्रेय निरजरा धर्म हेतें, सगलाई तूंवा रो करणो आहार॥
> आप सूं मरता जीव जाणे नें, कडवा तूंवा रो कीधो आहार।
> कीडीया री अणुकंपा आणी, धन धन धर्मरुची अणगार॥

सुकुमालिका ने आर्या गोपालिका से अपने पति को प्रसन्न करने के लिये किसी मत्र, चूर्ण या औषधि बताने का निवेदन किया तब गोपालिका ने सयम और शील का उपाय बतलाया, यह सांसारिक और पारलौकिक दृष्टि का अन्तर है। ब्रह्मचारिणी श्रमणी सुकुमालिका ने बाहर उद्यान भूमि मे बेले-बेले की तपस्या करते हुए सूर्याभिमुख हो ध्यान करने की इच्छा प्रकट की। गोपालिका आर्या ने इसकी अनुमति नही दी और कहा कि ब्रह्मचारिणी श्रमणी अकेली बाहर नही जा सकती। यह घटना श्रमणियो के एक विशिष्ट नियम पर प्रकाश डालती है। इस नियम के भग से सुकुमालिका का जो पतन हुआ, वह अति रोमाचकारी है। सुकुमालिका आर्या अकेली बाहर उद्यान में तप करने लगी। एक वेश्या को पाँच पुरुषो के साथ सुख भोगते देख अपने तप और ब्रह्मचर्य के बदले में उसने वैसे ही पाँच पुरुषो को प्राप्त करने की कामना की। धर्म के बदले में ऐसे सांसारिक सुख की कामना करने को जैन-धर्म निदान कहता है और उसका फल ससार-वृद्धि मानता है। इसी कारण तीसरे भव में सुकुमालिका द्रौपदी हुई।

१३—तेतली प्रधान रो वखाण :

स्वामीजी के इस कथानक का आधार 'ज्ञाता सूत्र' का १४ वां अध्याय है।

तेतलिपुर नगर मे कनकरथ राजा था। पद्मावती उसकी रानी थी। राजनीति में कुशल तेतली उसका प्रधान था।

उस नगर मे मूषिका दारक नाम का एक स्वर्णकार रहता था। उसकी पत्नी का नाम भद्रा था। उसके रूपलावण्य में उत्कृष्ट पोट्टिला नाम की पुत्री थी। एक वार तेतली मत्री ने पोट्टिला को महल की आगासी पर क्रीडा करते हुए देखा और उस पर मुग्ध हो गया। उसने पोट्टिला के साथ विवाह कर लिया।

राजा कनकरथ अपने राज्य और अन्त पुर में इतना आसक्त था कि राज्य का कोई उत्तराधिकारी बने, यह वह नही चाहता था। अत वह अपने नवजात पुत्रो को ही मरवा डालता था। रानी ने

किसी तरह एक पुत्र को बचाने का निश्चय किया। उसने एक पुत्र को जन्म दिया और दासी के साथ उस नवजात शिशु को तेतली प्रधान के यहाँ भेज दिया। उसी समय पोट्टिला ने एक मृत पुत्री को जन्म दिया था। मन्त्री ने उसे रानी के पास भिजवा दिया। राजा को जब रानी के प्रसव होने का समाचार मिला तो वह शीघ्र महल मे गया परन्तु मृत पुत्री को देख वापस चला गया। मन्त्री के यहाँ राजपुत्र बडा होने लगा। उसका नाम कनकध्वज रखा गया।

एक समय पोट्टिला के प्रति तेतली का प्रेम कम हो गया, जिससे वह अत्यन्त दु खी हो गई। अपनी खिन्नता मिटाने के लिये वह श्रमणो और ब्राह्मणो को दान देने लगी। एक समय सुव्रता आर्या आहार के लिये पोट्टिला के यहाँ गई। पोट्टिला ने उससे अपने पति को वश करने का उपाय पूछा। परन्तु सुव्रता तो साध्वी थी, उन्हे ससार के कार्यों से क्या प्रयोजन ? उन्होने उसे ससार की असारता का उपदेश दिया। सुव्रता साध्वी के उपदेश से पोट्टिला साध्वी बनने का निश्चय कर तेतली के पास पहुची। तेतली ने उसे दीक्षा की आज्ञा दे दी। साथ में यह भी वचन लिया कि अगर वह मर कर देव बने तो उसे प्रतिबोधित करने के लिये आवे। उसने स्वीकार किया। वह साध्वी बनी और कालान्तर में मरकर देव बनी। उसे तेतली मत्री को दिये हुए वचन का स्मरण हुआ। वह तेतली के समीप आकर उसे अनेक तरह से समझाने का प्रयत्न करने लगी। जब तेतली नही समझा तब पोट्टिला देव ने राजा और मत्री के बीच विरोध उत्पन्न किया। अब राजा भी तेतली से उदास हो गया। तेतली जब घर आया तो उसके माता-पिता भी विरोधी हो गये। अन्त मे इस दु ख से बचने के लिये आत्म-हत्या का निश्चय कर वह बाहर निकल पडा। उसने आत्म-हत्या के अनेक प्रयत्न किये किन्तु उस देव के प्रभाव से असफल रहा। तब पोट्टिला देव प्रगट हुआ और उसने पूर्व जन्म की बात याद दिलायी। आखिर तेतली को जातिस्मरण ज्ञान हुआ। उसने दीक्षा ली और आत्म-साधना करने लगा। अन्तिम समय मे केवल-ज्ञान प्राप्त कर सिद्ध बुद्ध बना।

इस व्याख्यान मे पोटिल्ला और तेतली के बीच परस्पर जो वार्त्तालाप हुआ वह बडा ही महत्त्वपूर्ण है। स्वामीजी ने उसे इस प्रकार व्यक्त किया है ·

हिवे कहे छें पोटल देव आय, तेतली प्रधान नें जी।
हिवे सुण तूं चित्त लगाय, म्हारो कह्यो माननें जी।
हिवे समझ तेतली प्रधान, कहे तोनें पोटला जी ॥
आगे तो ऊडी रवाड छे ताहि, पूठे हस्ती जिहां जी।
विहुं पासे अंधारो अथाय, बिचें बांण पडे तिहां जी ॥
बले छे वेहूं रन नें गाम, कहे तूं जाइस किहां जी।
किण ठामे लेसी विश्राम, उत्तर दे मोनें इहां जी ॥
वीहकण नें कुण सरणों आधार, कहे तूं तेतली जी।
वीहकण नें सरणो परवत पहाड, इसडी ठाम जेतली जी ॥
मन ओपरिया नें आधार, पोता रा देश नो जी।
खुद्या लागा अतंत अपार, आधार अनरो जी ॥
तिरषावंत नें पाणी रो विश्राम, रोगी ने औषध तणो जी।
कपटी ने आधार गुप्त ठाम, तिहा सुख पामें घणो जी ॥
अविसवासी ने आधार जाण, प्रतीतकारी तणों जी।
मारग थाका नें वाहण पिछाण, उपर बैठासूं हर्षपणो जी ॥

पाणी तिरवानों कामी थाय, आधार छे जिहाज रो जी।
कोई बेरी परभावे आय, सखाई ना साझरो जी॥
खंत दंत जितेंद्र ने नांहि, इतरा बोलां माहिलो जी।
थांरो भय न उपजे मन मांहि, कदे न हुवे कायलो जी॥

१४—जिनरिख जिनपाल रो बखाण :

इस व्याख्यान की रचना का आधार 'ज्ञाता धर्म कथा सूत्र' का ६ वाँ अध्याय है।

चपा मे माकन्दी नाम का एक सार्थवाह रहता था। उसकी भद्रा नाम की पत्नी थी। उस सार्थवाह के दो पुत्र थे—जिन पालित और जिन रक्षित। एक समय दोनो भाइयो ने लवण समुद्र की यात्रा का विचार किया और माता-पिता से पूछकर जहाज में वाणिज्य-सामग्री भरकर रवाना हुए। रास्ते में समुद्र में तूफान आया और जहाज टूट गया। धन-माल के साथ जहाज डूब गया। किन्तु संयोगवश दोनो भाई बच गये और टूटे हुए जहाज की एक तख्ती के साथ रत्नद्वीप पहुच गये।

वह रत्नद्वीप एक रमणीय स्थल था। वहाँ के दृश्यो ने दोनो भाइयो का मन मोह लिया। वहाँ एक रयना नाम की अत्यन्त पापिनी देवी थी। अपने हाव-भाव से उसने दोनो भाइयो को मोह लिया। वे उस प्रासाद मे रयना देवी के साथ भोग भोगते हुए रहने लगे।

एक दिन रयना देवी शक्रेन्द्र की आज्ञा से लवण समुद्र की सफाई करने के लिये चली गई। उसने जाते समय दोनों कुमारो को दक्षिण दिशा की ओर जाने की मनाही कर दी। देवी के जाने पर दोनो कुमार दक्षिण दिशा के वन खण्ड मे चले गये। वहाँ का हृदय-विदारक दृश्य देखकर दोनो कुमार काँप उठे। उन्होने वहाँ शूली पर कराहते हुए एक पुरुष को देखा। उसने दोनो कुमारो को देवी की दुष्टता का परिचय दिया। अब दोनो ही कुमार देवी से त्राण पाने के लिये उससे उपाय पूछने लगे। उसने कहा—तुम पूर्व दिशा के वनखण्ड मे जाओ। वहाँ शैलक नाम के यक्ष की भक्ति करो। वही तुम्हें इन दु खो से उबार सकता है। उसकी बात सुनकर दोनो कुमार यक्ष के पास गये। यक्ष ने प्रसन्न होकर उन्हें बचाने का वचन दिया और साथ में कहा—जब मैं तुमलोगो को ले जाऊँगा, उस समय रयना देवी तुम लोगो को विविध प्रकार से अपने अधीन करने का प्रयत्न करेगी। अगर तुम लोगो ने उसके प्रति आसक्ति दिखाई तो मैं उसी वक्त समुद्र मे फेंक दूंगा।

कुमारो ने बात स्वीकार कर ली। यक्ष ने घोड़े का रूप बनाया और दोनो को पीठ पर चढा लवण समुद्र को पार करने लगा। रयना देवी को यह खबर लग गई। वह पुन आकर विविध हाव-भाव से कुमारो को अपनी ओर आकर्षित करने लगी। जिन पालित पर देवी के वचनो का कोई असर नही हुआ। वह बराबर दृढ रहा। किन्तु देवी के हाव-भावपूर्ण हास्य-रुदन से जिन रक्षित आकर्षित हो गया। शैलक यक्ष ने उसे समुद्र मे फेंक दिया। रयना देवी ने उसे हाथ में झेल कर तलवार से उसके टुकड़े-टुकडे कर दिये। इसके पश्चात् वह जिन पालित के पास आई किन्तु जिन पालित की दृढता से वह निराश हो गई। जिन पालित सुरक्षित घर पहुच गया।

यह एक रूपकमय व्याख्यान है। व्याख्यान मे त्याग के बाद पुन विषय-भोग की ओर मुड़ने वाले व्यक्ति की जो दशा होती है उसका हृदयग्राही वर्णन है। स्वामीजी लिखते हैं :

मन डोल्यो जक्ष जांण नें, उतारीयो तिण वार।
देवी आय उतावली, वचन कहे निरधार॥

क्रोध करे मार्‍यों घणो, खंड खंड कीया तिणवार।
दस दिसा टूक उछालनें, हरषित थाई अपार॥
जिनरिखियो दुखीयो हुवो घणो, जोया नां फल जाण।
चंपा नगर पोहचो नही, बिच में छोड्या प्राण।
वेरागें घर छोडने, विषें सामा नहाल।
शिव नगरी पोहचें नही, बिच में सहसी हवाल॥

स्वामीजी ने अन्य अनेक रचनाओ मे इस कथा को व्रत-अव्रत पर भी घटाया है।

१५—नंद मणिहार रो वखांण :

इस व्याख्यान की रचना का आधार 'ज्ञात धर्म कथा सूत्र' का १३ वा अध्याय है।

राजगृह नगर मे श्रेणिक राजा थे। उनकी भार्या का नाम चेलणा था। वहाँ नन्द मणियार नाम का एक वैभवशाली श्रेष्ठी था। एक समय नगर मे भगवान महावीर का पधारना हुआ। उनकी वाणी सुनकर नन्द मणियार ने श्रावक के १२ व्रत स्वीकार किये। एक समय वह अष्टमभक्त तप कर पोषधशाला मे पोषध करने लगा। ग्रीष्म ऋतु का समय था। रात्रि के पिछले प्रहर मे उसे तृषा लगी। तृषा की व्याकुलता से उसे अपने पोषध का भान न रहा। वह सोचने लगा—धन्य है उस पुरुष को जिसने पुष्करणी बनवाई है। इससे हजारो व्यक्ति लाभान्वित होते हैं। मैं भी प्रात राजा की आज्ञा लेकर एक विशाल पुष्करणी का निर्माण कराऊगा। प्रात नन्द मणियार ने अपने पूर्व सकल्प के अनुसार पुष्करणी का निर्माण प्रारभ कर दिया। थोड़े समय मे पुष्करणी तैयार हो गयी। उसके निर्माण के साथ उसने जन-मनोरजन के लिए अनेक साधन भी तैयार कराये। नन्द मणियार द्वारा बनाये साधनो से जनता लाभ उठाने लगी और उसकी भूरि-भूरि प्रशसा करने लगी।

एक समय नन्द मणियार के शरीर मे सोलह रोग उत्पन्न हुए। उन्ही रोगो की अवस्था मे मर कर वह अपनी पुष्करणी मे मेढक हुआ। मेढक ने जब नन्द मणियार की प्रशसा सुनी तो उसे अपने पूर्व जन्म का स्मरण हो आया। उसे अपने मिथ्यात्वपूर्ण सावद्य कार्य का बहुत पश्चाताप हुआ।

एक समय भगवान महावीर स्वामी पधारे। लोगो की परस्पर वार्त्ता से मेंढक को भी भगवान के आवागमन का पता चला और वह भी भगवान के दर्शन के लिए निकला। मार्ग मे वह श्रेणिक के घोडे के पैर के नीचे आ गया। मेढक ने अपना अन्तिम समय देख सम्पूर्ण पापो का प्रत्याख्यान किया और आलोचना पूर्वक देहोत्सर्ग किया और वह मर कर दर्दु र देव बना। भगवान के पास आकर उसने नाटक दिखाया। दुर्दु र देव के वैभव को देख कर गौतम स्वामी ने प्रश्न किया और भगवान ने उसके पूर्व जन्म का वृत्तांत सुनाया।

यह व्याख्यान सावद्य दया के कार्यों मे आसक्त होने से कितना अनिष्ट होता है, इसका सुन्दर बोध देता है। पुष्करिणी और कुआँ आदि हिंसा के कार्य कर उनमे उसने जो आनन्द का अनुभव किया उसके कारण वह मर कर अपनी ही खुदवाई हुई पुष्करिणी मे मेंढक हुआ। नन्द मणियार के निम्न उद्‌गार हमेशा स्मरण रखने योग्य हैं —

जब डेडको बाव मझार ए, सुणे लोकां कने वारुंवार ए।
इम साभल करे विचार ए, ओ कुण छे नंद मणियार ए।

इत्यादिक ध्यायो निरमल ध्यान ए, ऊपनो जातीसमरण ग्यांन ए।
जब जाण लीयो तिण ठाम ए, ओ नंदो म्हारो इज नाम ए॥
मे वीर जिणंद रे पास ए, वारे व्रत लीया था उलास ए।
पछें मानी पाखड्या री बात ए, तो म्हे पडवजियो मिथ्यात ए॥
आयो ग्रीषम रित ऊन्हाल ए, तीन पोसा कीया तिण काल ए।
जब भूख त्रिखा लागी आण ए, तव हू पर गयो उलटी ताण ए॥
ह गयो मिथ्यात मे खूच ए, परभाते श्रेणिक ने पूछ ए।
मे पोखरणी बाव खणाय ए, वले चिहू दिस बाग लगाय ए॥
सगलोइ सबध विचार ए, आत्मा ने देवे धिकार ए।
में कीधो मोटो खून ए, तो हूं डेडको जबून ए॥
हू अधिन अनुप अभाग ए, रह्यो पाखड मत मे लाग ए।
हू भिष्ट हुवो वरत भाग ए, तिणसू निकल्या म्हारा साग ए॥

१६—पुंडरीक कुंडरीक रो वखाण

इस व्याख्यान का आधार 'ज्ञाता धर्म कथा सूत्र' का १६ वां अध्याय है।

पुण्डरीक और कुण्डरीक ये दोनो सहोदर भाई थे। ये पुष्कलावती विजय नगर के महाराजा महापद्म के पुत्र थे। महापद्म पुण्डरीक को राज्यगद्दी पर स्थापित कर तथा कुण्डरीक को युवराज बना आप धर्मघोष आचार्य के पास दीक्षित बने और चौदह पूर्वों का अध्ययन कर अपने जीवन को सफल किया।

कालान्तर मे स्थविरो के आगमन पर महाराजा पुण्डरीक ने श्रावक के व्रत धारण किये और कुण्डरीक दीक्षा लेकर स्थविरो के साथ ग्रामानुग्राम विचरण करने लगे। वे ग्यारह अङ्गो के पाठी बने। विहार काल मे कठोर तपस्या एव रूक्ष अत-प्रात आहार के सेवन से अनगार कुण्डरीक के शरीर मे दाहज्वर नामक रोग हो गया।

किसी समय धर्मघोष आचार्य कुण्डरीक के साथ विचरण करते हुए पुष्कलावती नगर के नलिनी वन उद्यान मे ठहरे। महाराजा पुण्डरीक मुनि-दर्शन के लिए आये। वहाँ उन्होने कुण्डरीक अनगार को दाहज्वर से पीडित देख उनसे उपचार के लिए अपनी यान शाला मे पधारने का आग्रह किया। राजा के आग्रह से मुनिगण यान शाला मे पधारे। महाराजा ने कुशल वैद्यों से अनगार कुण्डरीक की निर्दोष चिकित्सा करवाई। मुनि स्वस्थ हो गये। धर्मघोष आचार्य ने विहार कर दिया किन्तु कुण्डरीक मनोज्ञ आहार पानी मे आसक्त बन वही रह गये।

जब महाराजा पुण्डरीक को यह मालूम हुआ तब वे मुनि कुण्डरीक के पास आये और उन्हे शुद्ध सयमी जीवन का भान कराते हुए उनसे जनपद विहार करने की प्रार्थना की। वे भाई के आग्रह को टाल नही सके और लज्जावश स्थविरो के साथ विहार कर दिया। विहार कर देने पर भी कुण्डरीक का मन सयम मे नही लगा और पुन भोग भोगने की इच्छा से स्थविरो का साथ छोड अकेले ही पुष्कलावती नगर आ गये और एक वृक्ष के नीचे आर्तध्यान करने लगे। खेद-खिन्न कुण्डरीक को महाराजा की दासी ने देखा और उन्हे कुण्डरीक के आने की सूचना दी। दासी से समाचार सुनकर महाराजा पुण्डरीक कुण्डरीक के पास आये और उन्हे पुन सयम मे स्थिर करने का प्रयत्न करने लगे। किन्तु कुण्डरीक पर कोई असर नही हुआ। अन्त मे कुण्डरीक ने स्पष्ट रूप से राज्य श्री भोगने की

इच्छा व्यक्त की। पुण्डरीक को इससे बडा दु ख हुआ। उन्होने कुण्डरीक को राजगद्दी पर बिठला आप स्वय दीक्षित बन गये और महा स्थविर के पास आ चातुर्याम धर्म को धारण किया।

इधर कुण्डरीक को अत्यधिक आहार पान करने व अधिक समय तक जागरण करने से अजीर्ण और पित्तज्वर की व्याधि हो गई। इसी अवस्था में मर कर वह अधोगति मे गया। मुनि पुण्डरीक जनपद विहार करने लगे। अत्यधिक तपस्या एव रुक्ष अरस नीरस आहार के सेवन से उन्हे भी दाह-ज्वर हो गया। अपना अन्तिम समय जान मुनि पुण्डरीक ने आलोचना पूर्वक आहार का त्याग कर देह छोड दिया। वे मर कर सर्वार्थसिद्ध विमान मे देव हुए। वहाँ से देव आयु को पूरा कर महाविदेह क्षेत्र मे जन्म लेकर सिद्ध गति को प्राप्त करेगे।

इस व्याख्यान मे बतलाया गया है कि जो श्रामण्य ग्रहण कर पुन भोगो की कामना करता है वह व्यक्ति किस तरह दुर्गति को प्राप्त होता है। भोगाकाक्षी कुण्डरीक की दुर्दशा का वर्णन करते हुए स्वामीजी ने निम्नलिखित गाथा लिखी है

क्रोध कपाय ने वस पड्यो, आरत रुद्र ध्यान ध्याय रे।
आउखो पूरो करे, पड्यो नर्क सातमी जाय रे।
थोडा दिना रे आतरे, दुखा नो छेह न पार रे।
सजम ना सुख छोडने, ओ तो गयो जमारो हार रे॥
कामभोग तणी आसा कीयां, फल लागे विप समाण रे।
च्यार गत्या रो पावणो, पछे लग रहे ताणा तांण रे।
वेरागे घर छोडने, वले वाछेला कोइ भोग रे।
पडसी नर्क निगोद मे, पामे घणो रोग सोग रे॥

१७—भरत चरित :

स्वामीजी ने भरत चक्रवर्ती का अधिकार 'जम्बूद्वीप पन्नति' सूत्र से लिया है—

विनीता नाम की नगरी थी। इस नगरी का निर्माण शक्रेन्द्र के लोकपाल कुबेर ने किया था। वहाँ के राजा नाभि थे। उनके पुत्र ऋषभदेव थे। उनकी माता का नाम मरुदेवी था। ऋषभदेव ने युगलिया धर्म की प्रथा को समाप्त किया और इस भरत क्षेत्र के प्रथम राजा हुए। उन्होने ही लोगो को असि, मसि और कृषि का व्यवसाय सिखाया। पुरुष की ७२ कलाएँ, स्त्री की ६४ कलायें तथा १०० विज्ञान कर्म भी उन्होने सिखाये। उनकी दो पत्नियाँ थी। एक का नाम सुनन्दा और दूसरी का नाम सुमगला था। सुमगला रानी से भरत का जन्म हुआ। उसके साथ ब्राह्मी का भी जन्म हुआ। इस सुमगला के क्रमश ९८ पुत्र हुए। सुनन्दा रानी ने एक युगल को जन्म दिया। जिसमे एक पुत्र और दूसरी कन्या थी। पुत्र का नाम बाहुबलि और कन्या का नाम सुन्दरी रखा गया। इस प्रकार एक सौ पुत्र और दो पुत्रियाँ ऋषभदेव के थी।

तिरसठ लाख वर्ष तक ऋषभदेव ने राज्य किया। इसके पश्चात् उन्होने राज्य को सौ हिस्सो मे विभाजित कर पुत्रो मे बाट दिया और आप दीक्षित हो गये। भरतजी राजा बने। भरतजी के प्रबल पुण्य से सुदर्शन चक्ररत्न उत्पन्न हुआ। यह भरत के चक्रवर्ती होने का प्रथम लक्षण था। भरत ने अपने ९८ भाइयो से कहला भेजा—"मेरी आयुधशाला मे चक्ररत्न उत्पन्न हुआ है। अब मैं चक्रवर्ती हूँ। आप लोगो को अब से मेरी आज्ञा का पालन करते हुए मेरे अधीन रहना होगा।" ९८ भाइयो को यह सहन नही हुआ। वे परामर्श के लिए भगवान ऋषभदेव के पास गये और उनके सदुपदेश से राज्य का लोभ छोड दीक्षा ग्रहण की।

९८ भाइयो के राज्य को अपने कब्जे मे कर भरत ने वाहुवलि को दूत के द्वारा सदेश कहला भेजा कि तुम भी मेरी अधीनता स्वीकार कर लो वरना युद्ध के लिए तैयार हो जाओ। वाहुवलि को यह स्वीकार नही हुआ और वे अपनी चतुरगिणी सेना सजा कर आये। भरतजी ने भी सेना को युद्ध के लिए तैयार कर लिया। दोनो की सेना युद्ध के लिए एक दूसरो के सामने खडी हो गई। इन्द्र को यह अच्छा नही लगा। उसने नर-सहार टालने का एक तरीका निकाला कि केवल भरत और वाहुवलि ही युद्ध करें। इन्द्र की वात दोनो ने स्वीकार कर ली। दोनो मे दृष्टि युद्ध आदि हुए। सभी युद्धो मे वाहुवलि की शक्ति के सामने भरत टिक नही सके। अन्तिम युद्ध मुष्टियुद्ध हुआ। पहले भरत ने मुष्टि प्रहार किया। वाहुवलिजी को करारी चोट लगी। वदले मे मुष्टि प्रहार करने के लिए वाहुवलि ने अपना वाहु ऊपर उठाई। इस समय उनके विचारो मे कायापलट हो गया। वे सोचने लगे—"मैं मुष्टि प्रहार कर क्यो अनर्थ कर रहा हूँ ?" ऐसा सोच उठाई हुई मुष्टि से पच मुष्टि लोचकर साधु वन गये। पूर्व दीक्षित ९८ भाई अवस्था मे वाहुवलि से छोटे थे पर दीक्षा-पर्याय मे वे बड़े हो गये। वाहुवलि छोटे भाइयो को वन्दन करना नही चाहते थे। वे केवलज्ञान प्राप्त कर केवली परिषद् मे सम्मिलित होना चाहते थे। इस अभिमान के कारण वे एक वर्ष तक एकान्त मे खडे रह तप करते रहे। भगवान् ऋषभदेव की आज्ञा प्राप्त कर ब्राह्मी और सुन्दरी उनको समझाने के लिए गई। ब्राह्मी और सुन्दरी ने उपदेश दिया 'वीरा मोरा गज थकी उतरो' इन वचनो का असर वाहुवलि पर हुआ और उन्होने अभिमान रूपी गज का परित्याग किया। अभिमान के नष्ट होते ही वाहुवलि को केवलज्ञान हो गया।

भरत ब्राह्मी पर मोहित हो गए और उसके साथ विवाह करना चाहते थे। ब्राह्मी को जव यह मालूम हुआ तो उसने दीर्घ तपस्या प्रारभ कर दी। शरीर अस्थि-पजर हो गया। अव भरत का मोह दूर हुआ। ब्राह्मी ने उनकी आज्ञा प्राप्त कर दीक्षा ली। सुन्दरी भी दीक्षित हुई।

माता मरुदेवी हाथी पर चढ कर भगवान के दर्शन के लिए गईं। भगवान को देख उनके मोह-विह्वल हृदय मे शान्ति आई। मरुदेवी के हृदय मे वैराग्य उत्पन्न और वह शुभ भावो की चरम सीमा पर पहुँच गई। गृहस्थ वेष को वदले विना ही उन्होने सर्व सावद्य का त्याग कर दिया। इस प्रकार मोह-जीत कर उन्होने केवलज्ञान प्राप्त किया।

भरतजी छ खण्ड का राज्य करने लगे। अपनी सेना ले वे दिग्विजय के लिए चल पडे। अल्प काल ही मे छ खण्डो पर उन्होने एकाधिपत्य स्थापित किया, चौदह रत्न और नवनिधियाँ भी प्राप्त की। भरत चक्रवर्ती के ८४ लाख हाथी और इतने ही घोडे तथा ९६ करोड़ पाद सेना थी। उनके ८४ लाख रथ की सेना थी। चार करोड मन अनाज हमेशा उनके यहाँ पकता था। ६४ हजार मुकुट वन्ध राजा उनके अधीन थे। उनके ६४ हजार रानियाँ थी। चौदह रत्न और नवनिधियो के वे धनी थे। ४८ कोस का सैनिक शिविर था।

ऐसा सव होते हुए भी भरत चक्रवर्ती के परिणाम बडे रुक्ष रहते। उनका लक्ष्य हमेशा आत्म-कल्याण पर रहता।

एक समय भरत चक्रवर्ती स्नान करके वस्त्राभूषण से समलकृत हो आरिसा भवन मे बैठे थे। उनकी एक अगुली से मुद्रिका गिर गई और उसके विना हाथ सुनसान और भद्दा लगने लगा। इसी पर वे ससार की असारता का विचार करने लगे। ससार की अनित्यता का विचार करते हुए भावो की उत्कृष्टता से उन्हें केवल ज्ञान हुआ और उन्होने वही गृहस्थ-वेष का त्याग कर देवताओ द्वारा प्रदत्त मुनि वेष पहन लिया। इस प्रकार ऋषभ प्रथम तीर्थंकर हुए और भरतजी उनके सवसे बडे अनगार ऋषभदेवजी के ८४ गणधर, वीस हजार मुनि एव तीन लाख साध्वियाँ थी।

इस व्याख्यान मे भगवान् ऋषभदेव के जन्म से लेकर उनके पुत्र भरत के केवल-ज्ञान की प्राप्ति तक का विषद वर्णन आ गया है।

भरत ने जब ९९ भाइयो को अपने अधीन राज्य करने का आदेश दिया तो यह कार्य भाइयो को अच्छा नही लगा और इस बात की शिकायत करने वे ऋषभदेव के पास पहुचे। ऋषभदेव ने उन्हे उपदेश देते हुए ऐसे राज्य को प्राप्त करने का उपदेश दिया जिसे कोई छीन नही सकता। स्वामीजी ने इस प्रसग को अत्यन्त सुन्दर ढग से उपस्थित किया है :

प्रतिबूझो रे, म्हे थांने दीघो राज।
तिण राज सूं काज सीझे नही, प्रतिबूझो रे।
जिण राज सूं सीझे काज, ते राज न दियो थांने सही॥
खोस्यो जाए राज, ते राज म जाणो आपरो।
इण थोथा राज रे काज, यूं ही पचे जीव वापडो॥
अविचल मुगत रो राज, ते लीधो न जाए केहनो।
तिहां भय दुख जाए सर्व भाज, अनोपम सुख छे जेहनो॥
इण थोथा राज रे काज, भाई भाई मांहोमां लड परे।
वले छोडे सर्म ने लाज, आपस मे मांहोमां कट मरे॥
तन धन ने परिवार, इहांका इहां रहसी सही।
परभव नावे लार, त्यांसूं गरज सरे नहीं॥
परहडे सगा नें सेण, परहडे सचियो धन हाथ रो।
बंधव त्रिया ने पूत, नहि परहडे धर्म जगनाथ रो॥
जब लग स्वारथ होय, तब लग मुख जी जी करे।
स्वारथ सरियां जोय, मुख दीठांई लड पडे॥
इंद्री विषय कषाय, ए अभितर भोमिया वस करो।
मेटो तृष्णा लाय, सुमता रस चित्त मे धरो॥
हिरदे विमासी जोय, तन धन जोवन असासता।
तिणमे म राचो कोय, ज्यूं सुख पामों सासता॥
एहवो अथिर संसार, थिर कोई वस्तु दीसे नहीं।
तिणने त्रिण धिक्कार, जे इणमे राच रहता सही॥
श्रद्धा सेंठी धार, नव तत्व रो निरणो करो।
साधुपणो ल्यो सार, ज्यूं सिवरमणी वेगी वरो॥
रिषभ जिनद कहे आम, चारित्र हिवडां थे आदरो।
तो पामो अविचल ठाम, ते छे थानक सदा समाध रो॥
थे आया राज रे काज, ते राज मारग छे नरक रो।
संजम लेवो थे आज, ओ मारग मुगत ने सरग रो॥

मात्र दो व्यक्तियो की स्वार्थ-सिद्धि के लिये संसार की खून-खराबी नही होनी चाहिये, स्वामीजी ने इस बात को इस प्रकार कहलाया है :

राज कीजो जीतो जिको, हूं भरसूं थांरी साख।
बीजा अनेरा लोकां भणी, काय मरावो अन्हाख॥

सक्षेप मे अनेक वर्णनो (नगर-वर्णन, चतुरगिनी सेना-वर्णन, वैभव-वर्णन, भरत का दिग्विजय-वर्णन, रत्न की सप्राप्ति, साधु और साध्वियो के वर्णन) एव सदुपदेशो से भरा हुआ स्वामीजी का यह आख्यान उनकी कवित्व शक्ति एव दार्शनिक पाण्डित्य का एक सुन्दर निदर्शन है। भरत का जीवन अनासक्त जीवन का उत्कृष्ट नमूना है।

१८—जम्बूकुमार चरित :

इस व्याख्यान का आधार 'जम्बुपइन्ना' है :—

जम्बूकुमार द्वितीय पट्टधर सुधर्मा स्वामी के शिष्य थे। वे राजगृही नगर के रहने वाले थे। इनके पिता का नाम ऋषभदत्त था और माता का नाम धारणी देवी। इनकी सगाई आठ श्रेष्ठी कन्याओ से हुई थी। एक समय सुधर्मा स्वामी राजगृह पधारे। जम्बूकुमार भी सुधर्मा स्वामी के दर्शन के लिये गये। सुधर्मा स्वामी की वाणी सुन उनको वैराग्य हुआ और उन्होने दीक्षा लेने का निश्चय किया। इन्होने घर आकर माता-पिता से अपने भाव प्रदर्शित किये। पर माता-पिता ने जम्बूकुमार का विवाह आठ कन्याओ से कर दिया।

अब जम्बूकुमार आठो पत्नियो के साथ महल मे आये और एक-एक को समझाना शुरू किया। आठो प्रश्न करती हैं। जम्बूकुमार सब का समाधान विविध दृष्टान्तो से करते हैं। अन्त मे विजय जम्बूकुमार की होती है। आठो स्त्रियाँ भी दीक्षा लेने के लिए तैयार हो जाती हैं। इसी बीच एक घटना घटी। प्रभव नाम का चोर अपने पांच सौ साथियो के साथ चोरी करने के लिये आया और जम्बूकुमार को दहेज मे जो कुछ भी मिला था उसको बटोरने लगा। जम्बूकुमार स्वय आखो से यह दृश्य देख रहे थे किन्तु उन्होने उसका विरोध नही किया। अपनी आठो पत्नियो के साथ जम्बूकुमार की जो वैराग्यपूर्ण बातें हुई उन्हे सुनकर प्रभव चोर बहुत प्रभावित हुआ। उसने जम्बूकुमार से अनेक प्रश्न किये। अन्तत जम्बू कुमार की वैराग्यपूर्ण वाणी से प्रभावित हो वह उनके साथ दीक्षा लेने को तैयार हो गया। प्रभव चोर के साथियो ने भी दीक्षा की भावना व्यक्त की। इस प्रकार जम्बूकुमार आठो पत्नियो और पाँच सौ चोरो के साथ प्रात मात-पिता के पास आये और उन्हे भी दीक्षा के लिये प्रेरित किया। इस प्रकार माता-पिता, आठो पत्नियो और पाँच सौ चोरो के साथ वे दीक्षित हुए। जम्बूस्वामी आखिरी केवली हुए।

वैराग्य रस युक्त स्वामीजी का यह व्याख्यान पुन पुन. पठनीय है। भोगी और वैरागी जीवन की ऐसी वार्ता अन्यत्र दुर्लभ है। जबूकुमार और आठो पत्नियो का परस्पर वार्तालाप अत्यन्त रसप्रद और वैराग्यपूर्ण है।

इस चरित्र का उपसहार करते हुए स्वामीजी कहते हैं—एक हलुकर्मी भव्यजीव को समझाने से कितने जीवो का उपकार होता है। पात्र को उपदेश देना उचित है और अपात्र को देना अनुचित। स्वामीजी ने इन्ही विचारो को निम्न गाथाओ में व्यक्त किया है

एक जंबूकुमर नें समझाविया, हुवो घणो उपगार हो।
हुई वधोतर जिनधर्म री, वले हुवो घणा रो उधार हो।
किणही भारीकर्मा ने चारित्र दियां, हुवे छे घणोइज विगाड़ हो।
वले हेला हुवे जिनधर्म री, घणा रे वधे अनंत संसार हो।

पांचसो चोरां नें प्रतिबोधिया, त्यांमे हुता केई प्रकृति रा फूणिंद हो।
त्यांनें समभाय मारग आणिया, ते पिण पाम्यां परम आनंद हो।
केई काछ लपटी कुसीलिया, ते हुंता धाड़ापाड़ हो।
त्यांनें उपदेश देई ठाय आणिया, किया मोटा अणगार हो।
चोर हुता सगलाई पापिया, ते करता अनेक अकाज हो।
त्या सगला नें धर्म पमायनें, दियो मुगतपुरी नो राज हो।
भगवत श्री वर्धमान रे, पाटवी सुधर्म स्वाम हो।
त्यां सुधर्म स्वामी रे पाटवी, जंबू स्वाम त्यांरो नाम हो।
गजहस्ती री त्यांने ओपमा, पुरुषां माहे सीह समान हो।
त्यां सीह जिम सजम आदर्यो, सीह जीम पाल्यो चारित्र निधान हो।

१६—सुदर्शन चरित :

चम्पा नाम की नगरी थी। धात्रीवाहन राजा उस नगरी के अधिपति थे। उनकी पटरानी का नाम था अभया। उस नगरी में ऋषभदास नाम का बारह व्रतधारी श्रावक रहता था। उसकी जिनमती नाम की भार्या थी। वह भी श्राविका थी। उनके पुत्र का नाम सुदर्शन था। सुदर्शन युवा हुआ। उसका विवाह अत्यन्त गुणवती मनोरमा नाम की श्रेष्ठी कन्या से हुआ। पिता के धार्मिक सस्कारो का प्रभाव उस पर भी पडा और उसने भी श्रावक के बारह व्रत धारण किये। मनोरमा देवी ने भी बारह व्रत लिये। इस तरह दोनो ही पति-पत्नी धार्मिक वृत्ति से जीवन-यापन करने लगे।

सेठ सुदर्शन का कपिल नामक मत्री मित्र था। उसकी पत्नी का नाम कपिला था। एक समय सुदर्शन सेठ कपिला के घर ठहरा। वह उसके सौंदर्य को देखकर मुग्ध हो गई। उसने किसी भी तरह से सुदर्शन को अपना अनुरागी बनाने का निश्चय किया।

एक दिन कपिल मंत्री दूसरे गाँव चले गये। कपिला को अच्छा अवसर मिला। उसने दासी के द्वारा सुदर्शन को कहला भेजा कि आपके मित्र कपिल बहुत बीमार हैं और आपकी याद कर रहे हैं। मित्र के स्नेहवश सुदर्शन कपिल के घर पहुचा। कपिला ने उन्हे अपने महल में ले जाकर दरवाजा बन्द कर दिया और सुदर्शन से भोग की प्रार्थना करने लगा। सुदर्शन यह सब देखकर चकित हो गया। वह उसके फन्दे से छूटने का प्रयत्न करने लगा परन्तु वह तो इतनी काम-विह्वला हो गई थी कि उसके शरीर से लिपट गई। किन्तु सुदर्शन इस स्थिति मे भी निर्विकार रहा। बार-बार उसके उत्तेजित करने पर भी जब सुदर्शन निर्विकार रहा तो उसने पूछा—"क्या आपमे पौरुष नही है?" सुदर्शन को यह अच्छा अवसर हाथ लगा। उसने कहा—"मैं नपुसक हूँ।" कपिला ने अन्त मे उसे छोड दिया। सुदर्शन अपने घर चला गया। इस घटना से सुदर्शन ने नियम किया कि आज के बाद मैं अब किसी के घर नही जाऊँगा।

एक दिन महारानी अभया ने धात्रीवाहन राजा से वसन्त महोत्सव मनाने की प्रार्थना की। महाराजा ने रानी की प्रार्थना स्वीकार कर ली। उन्होने समस्त नगरी की जनता को महोत्सव मनाने की आज्ञा दी और स्वय स्नान कर वस्त्रालकारो से सज्जित हो महारानी अभया के साथ उद्यान मे आये। कपिला भी बाग में पहुची। मनोरमा देवी अपने चार पुत्रो के साथ बाग में आई। रानी अभया ने देवकुमार सदृश चार पुत्रो को देखा और दासी से पूछा—"ये पुत्र किनके हैं?" दासी ने कहा—"ये सुदर्शन के पुत्र हैं।" कपिला पास ही मे बैठी थी। उसने कहा—"सुदर्शन तो नपुसक है फिर ये पुत्र कैसे हुए?" अभया ने कहा—"सुदर्शन ने तुझे ठग लिया है। वस्तुत सुदर्शन नपुंसक

नही, किन्तु अत्यन्त सुन्दर पुरुष है।" कपिला ने कहा—"मैं तो छली गई किन्तु आप अगर सुदर्शन से भोग भोगें तो आपका जीवन सफल मानूगी, अन्यथा आपका गर्व झूठा है।" अभया को अपने सौदर्य का अभिमान था। उसने मन ही मन सुदर्शन को पाने का निश्चय किया। उत्सव समाप्त हो गया। सब लोग अपने-अपने स्थान पर चलें गये।

अव अभया सुदर्शन को पाने का उपाय खोजने लगी। इस काम के लिये उसने अपनी चतुर धाय-माता का सहारा लिया और सुदर्शन को किसी भी उपाय से महल मे लाने का कार्यभार उसे सौंप दिया।

धाय सेठ को लाने का उपाय खोजने लगी। उसे यह पता लगा कि सुदर्शन चतुर्दशी का पोषध कर रात्रि के समय श्मशान मे ध्यानस्थ होकर समय व्यतीत करता है। उसने कुशल कुम्भकार को वुलाया और उससे मिट्टी की पुरुष-प्रतिमा वनाने को कहा। कुम्भकार ने सुन्दर पुरुष-प्रतिमा निर्मित की। अव धाय प्रति दिन उस मिट्टी की प्रतिमा को महल मे लाती। द्वारपाल के रोकने पर धाय ने कहा—"रानी मध्य रात्रि में पुरुष-प्रतिमा का पूजन करती हैं। अत इसे मैं हमेशा ले जाती हूँ।" इस प्रकार धाय ने द्वारपाल का विश्वास प्राप्त कर लिया।

एक दिन चतुर्दशी की रात्रि मे पोषध करते हुए सुदर्शन को उठाकर धाय महल मे ले आई। अभया की इच्छा पूर्ण हुई। अव अभया सुदर्शन को अपने अधीन करने का प्रयत्न करने लगी। उसने सुदर्शन को वश मे करने के कई उपाय किये किन्तु वह तो सचमुच ही मिट्टी का-सा पुतला वना रहा। अभया के वचनो का उस पर कुछ भी असर नही हुआ। रानी अपने को असफल देख सेठ पर अत्यन्त क्रुद्ध हुई और क्रोध के आवेश में अत्यन्त कठोर शब्दो से उसकी ताडना करने लगी। रानी के हास्य, रुदन, क्रोध एव राज्यलोभ का सुदर्शन पर कोई असर नही हुआ। वह अपने आत्म-चिन्तन मे लवलीन रहा। अभया ने अब सुदर्शन के इस व्यवहार का वदला लेना चाहा। उसने अपने वस्त्र फाड डाले, अलकार इधर-उधर फेंक दिये और नाखून से शरीर को नोच डाला, वाल विखेर दिये और जोरो से हल्ला करने लगी—"वचाओ! वचाओ!! सुदर्शन मेरा शील भङ्ग कर रहा है।" द्वारपाल आवाज सुनकर दौड़े आये और उन्होने सुदर्शन को कैद कर लिया।

धात्रीवाहन राजा आया। उसने अभया की वात पर विश्वास कर सुदर्शन को शूली पर चढाने का आदेश दे दिया। नगर की जनता ने राजा को वहुत समझाया परन्तु राजा ने किसी की भी वात न सुनी। अन्त मे सेठ को शूली पर चढा दिया गया।

अपने पर धर्म-सकट आया समझ सेठ ने सागारी अनशन कर लिया और 'नमुक्कार मंत्र' का ध्यान करने लगा। सुदर्शन के शील-प्रभाव से शूली सिंहासन वन गई। राजा को जब यह पता लगा तो वह दौड कर आया और सुदर्शन से अपने अपराध की बार-वार क्षमा-याचना करने लगा। इधर अभया को जव शूली के सिंहासन वन जाने की घटना का पता लगा तो महल से कूद कर उसने आत्महत्या कर ली। मनोरमा को जव यह मालूम हुआ कि सेठ को शूली पर चढा दिया गया है तो उसने भी अनशन कर लिया और ध्यानस्थ हो गई। सेठ सुरक्षित रूप से घर चला आया और उसने पत्नी को पुकारा। पति के आगमन पर मनोरमा को अत्यन्त हर्ष हुआ और उसने अनशन पूरा कर पारण किया।

उस समय चार ज्ञान के स्वामी धर्मघोष स्थविर चपा नगरी मे पधारे। सुदर्शन स्थविर-दर्शन के लिए गया और उनसे अपने पिछले जन्म का वृत्तान्त पूछा। उत्तर मे स्थविर नें फरमाया—"सुदर्शन! तू पूर्व जन्म मे गोपालक था और सेठ ऋषभदत्त की गायें चराता था। जगल मे एक मुनि के द्वारा प्रतिबोधित हो तूने 'नमुक्कार मंत्र' सीखा और उसका ही दिन-रात ध्यान करने लगा। 'नमुक्कार

मन्त्र' के ध्यान से तू मर कर ऋषभदत्त सेठ का पुत्र बना।" मुनिराज के द्वारा भावपूर्ण उपदेश एव अपने पूर्व जन्म का वृत्तान्त सुन उसे वैराग्य हुआ। उसने पंच मुष्टि लोचकर महास्थविर के पास दीक्षा ली और तपस्वी-जीवन व्यतीत करते हुए ग्रामानुग्राम विचरने लगा।

एक बार जब सुदर्शन मुनि एक महीने के उपवास के पारण के लिए जा रहे थे ददवन्ती नाम की वेश्या उनके रूप पर मुग्ध हो गई। उसने मुनि को अपने घर बुलाने का निश्चय किया। वह वेश्या से श्राविका बन मुनि की भक्ति करने लगी। एक दिन वह आहार के बहाने मुनि को अपने घर ले गई और दरवाजा बन्द कर मुनि को विविध प्रकार से अपने वश मे करने का प्रयत्न करने लगी। उसने तीन दिनो तक मुनि को अधीन करने का प्रयत्न किया, किन्तु मुनि ने जब वेश्या की बात नही मानी तो उसने उन्हे घर से बाहर निकाल दिया। मुनि श्मशान मे ध्यान करने लगे। अभया मर कर राक्षसी हुई। उसने मुनि को बहुत उपसर्ग दिया परन्तु वे अविचल रहे। इस प्रकार उन्होने शुभ ध्यान एव शुभ अध्यवसायो से चार घनघाति कर्मों का क्षय कर केवल-ज्ञान प्राप्त किया और सम्पूर्ण कर्मो से मुक्त हो अविचल निर्वाण पद प्राप्त किया।

यह वैराग्य एव शील की एक उत्कृष्ट कथा है। श्रेष्ठी पुत्र सुदर्शन 'घृत कुम्भ समा नारी, तप्ताङ्गार समः पुमान्' के कथन को अपनी अविचल दृढता से यह असिद्ध कर देता है। यह कथा अनूठे काव्य रस से ओतप्रोत है।

२०—चेलणा रो चोढालियो :

श्रेणिक महाराजा बौद्ध धर्मावलम्बी थे और उनकी पत्नी महारानी चेलणा जैन धर्मानुरागिणी थी। दोनो मे विवाद चलता था। महाराजा चेलणा को बौद्ध धर्मी बनाना चाहते थे और रानी चेलणा श्रेणिक को जैन बनाना चाहती थी। एक समय रानी ने बौद्ध साधु को भोजन के लिए बुलाया और उनसे चर्चा कर उन्हे परास्त किया। महाराजा को यह अच्छा नही लगा। उसने भी जैन साधुओ का अपमान करने की ठानी। वह अवसर की खोज करने लगा।

एक समय सुदर्शन नाम के अनगार राजगृह पधारे। महाराजा श्रेणिक को पता लग गया। उन्होने एक वेश्या को मुनि के स्थान पर जाकर उन्हे भ्रष्ट करने का आदेश दिया। वेश्या मुनि के स्थान पर गई और चारो ओर से दरवाजे बन्द कर मुनि को भ्रष्ट करने का प्रयत्न करने लगी। मुनि ने देखा—"यह परीक्षा का समय है और शासन की लाज भी रखनी ही होगी।" अत उन्होने लब्धि द्वारा एक योगी का वेष बनाया। जटा, कमण्डलु, रुद्राक्ष की माला पहन बैठ गये। श्रेणिक रानी के पास आकर बोला—"तुम्हारे गुरु तो वेश्या के साथ मौज कर रहे हैं।" तब रानी ने कहा—"वे मेरे नही किन्तु आपके ही गुरु होगे।" श्रेणिक चेलणा को साथ ले, जहाँ मुनि थे, वहाँ आये। दरवाजा खुलाकर देखते ही महाराजा चकित हो गये। उन्होने एक निर्ग्रन्थ मुनि के बदले एक योगी को बैठे देखा।

इस कहानी मे धर्म पर संकट मान निर्ग्रन्थ अपना रूप बदलता है। इस तरह लब्धि-स्फोटन करना स्वामीजी की दृष्टि मे धर्मसगत नही। उनकी दृष्टि से ऐसा करने पर बिना प्रायश्चित्त किये साधु की शुद्धि नही होती। निम्न दो पद इस बात को स्पष्ट कर देते हैं

करडी आण वणी तिण ठाम, साधु लब्धि फोरवी ताम॥
ते पिण आलोवण कर मुनिराय, प्राश्चित ले सुद्ध हुवो ताय।
साधु तो अणसण कर ताम, सुरलोक मे गयो तिण ठाम॥

चेलणा का शास्त्रार्थ करना इस बात को बतलाता है कि उस काल मे जैन श्राविकायें परम विदुपी होती थी।

२१—सास वहू रो बखाण :

वसन्तपुर नाम का एक नगर था। वहाँ धनावा नाम का सेठ था और उसकी पत्नी का नाम था भद्रा। धनदत्त और धनमित्र उनके दो पुत्र थे। दोनो विवाहित थे। सास का छोटी पुत्रवधू पर राग था। और बडी पर द्वेप। छोटी वहू को वह मानती थी और उसकी हर आवश्यकता की पूर्ति करती थी और वडी बहू के प्रति आन्तरिक द्वेप के कारण उसके साथ वह दासी का-सा व्यवहार करती थी। सास धर्म से भी द्वेप रखती थी। उसे कोई धार्मिक कार्य करता हुआ व्यक्ति नही सुहाता था। सास के द्वेष पूर्ण व्यवहार से वडी वहू सास की घात चाहने लगी।

एक दिन वडी वहू ने चोरी से थोडा दूध पी लिया। देवरानी ने सास से जाकर कह दिया। बस इसी बात पर सास-वहू मे झगडा हो गया। वडी वहू ने फाँसी लगा कर आत्महत्या कर ली और मर कर सर्पिणी बन गई और उसके घर मे आकर उसने देवर को डँस लिया। सास मरकर कावली बन गई और द्वेप वश सर्पिणी को मार कर खा गई। सर्पिणी मर कर बिल्ली बन गई और वह कावली को मार कर खा गई। कावली मर कर कुतिया बनी और उसने बिल्ली को मार दिया। दोनो ही मर कर पहली नरक मे गई। इधर धनावा सेठ ने अपने पुत्र के साथ दीक्षा ली और सयमी जीवन की साधना करते हुए मोक्ष गति को प्राप्त किया।

इधर दोनो सास-बहू अनेक योनियो मे एक दूसरे को द्वेप पूर्ण बुद्धि से मारती हुई सातवी नरक मे गई। वहाँ से व्रजपुर नगर मे दोनो वेश्यायें हुई। कालान्तर मे दोनो मे द्वेष जगा और दोनो ने एक दूसरे की हत्या कर छठी नरक मे जन्म लिया। इस प्रकार दोनो ही अनत ससार परिभ्रमण करती रहेंगी। द्वेप का परिणाम इसी तरह भयकर होता है।

राग और द्वेप ही कर्म-बीज हैं और कर्म-बीज ही ससार के हेतु हैं। यह जैन-धर्म की मान्यता है। ये राग-द्वेप जन्म-जन्मान्तर तक बराबर चलते रहते हैं। इस कृति का निचोड है

> अनत काल निगोद मे रे, भोगव्या दुख अनत।
> तिणरो कहितां पार आवे नही, तिहा दुख माहे दुख अत्यंत॥
> आदि अत रहित ससार मे रे, भ्रमण करसी तिण माय।
> इम जाणी राग द्वेष परहरो रे, ज्यू भुगत विराजो जाय॥
> जिण घर मे राग द्वेष ऊपजे रे, तिणसू आछो कदेय म जाण।
> अजस अकीर्ति हुवे अति घणी रे, अनेक वस्तु नी हाण॥

आगम मे भी कहा है

> कोहो य माणो य अणिग्गहीया, माया य लोभो व पवड्ढमाणा।
> चत्तारि ए ए कसिणा कसाया, सिंचन्ति मूलाइं पुनब्भवस्स॥

अर्थात् क्रोध, मान, माया, लोभादि ही पुनर्भव रूपी वृक्ष का सिंचन करते हैं और इन्हीके वश होकर जीव बरावर क्लेश पाता रहता है।

स्वामीजी के जितने भी व्याख्यान इस सग्रह मे हैं वे काव्य-कला की दृष्टि से अति उत्कृष्ट एव रसप्रद हैं। स्वामीजी की सहज काव्य-शक्ति इनमे स्थान-थान पर मुखरित है। इन कृतियो के आधार मुख्यतया आगमिक वर्णन हैं परन्तु उन्होने उनको जिस रूप मे पल्लवित किया है वह उन्हे मौलिक

रूप प्रदान करता है। ये व्याख्यान वैराग्य के निर्झर हैं। इन व्याख्यानो के बीच-बीच मे ऐसे मौलिक सूत्र हैं जो जीवन मे हर समय दिशा-निर्देश करने मे अत्यन्त सबल हैं।

स्वामीजी तत्त्व-ज्ञान के अविरल स्रोत थे। उनकी वैराग्य-वृत्ति स्वाभाविक थी। वे सस्कार से ही ज्ञानी-गुरु थे। उनके ज्ञान, वैराग्य और तत्त्व-ज्ञान ने इन व्याख्यानो मे अद्‌भुत शान्त रस भर दिया है। सारे चरित्र-चित्रणो मे अद्‌भुत स्वाभाविकता है। प्रसगानुसार प्रत्येक चरित्र-चित्रण उत्कृष्टता को प्राप्त हुआ है। नि सदेह 'भिक्षु-ग्रन्थ रत्नाकर' का यह द्वितीय खण्ड राजस्थानी साहित्य का एक उज्ज्वल रत्न सिद्ध होगा। स्वामीजी की महान् साहित्यिक-प्रतिभा का यह एक ज्वलत उदाहरण है। आध्यात्मिक और तात्त्विक जगत मे स्वामीजी की देन जितनी महान् है उससे कम महत्त्वपूर्ण देन साहित्यिक क्षेत्र मे भी नही।

एक प्रतिभाशाली सहज कवि ज्ञानगर्भित-गिरा मे गम्भीर तत्त्वों को इतना सुगम करता हुआ आगे बढता है कि एक कृषक भी बिना कोश की सहायता से इन कृतियो को सरलता से समझ सकता है। यह स्वामीजी की कृतियो की एक बहुत बड़ी विशेषता है।

महासभा ने स्वामीजी की मूल कृतियो के प्रकाशन द्वारा एक स्तुत्य कार्य किया है। यह भावी पीढ़ी के लिये अति लाभदायक सिद्ध होगा, इसमे सन्देह नही।

श्रीचन्द रामपुरिया

१५, नूरमल लोहिया लेन,
कलकत्ता—७
३० जून, १९६०

०

विषय-सूची

रत्न : १

गोसाला री चौपई

दुहा

अरिहंत सिद्ध ने आयरीया, उवझाया सगला साध।
मुगत नगर ना दायका, ए पाचू पद अराध ॥१॥
नमूं वीर सासण धणी, ते सुतर देव अरिहंत।
त्यां भाख्या ते गणधरां गूथीया, ते आगम सार सिद्धंत ॥२॥
भगोती रा पनरमा सतक में, गोसाला रो इधकार।
तिण अनुसारे हूं कहूं, ते साभलजो विसतार ॥३॥
तिण कालें ने तिण समे, नगरी सावत्थी नाम।
तिहा कोठग नांमे बाग थो, इसाण कूणने ठाम ॥४॥
हलाहल कुभारी तिहां वसे, तिणरे रिध घणी घर माहि।
ते गोसालारी छै श्रावका, मत झाल रही छै ताहि ॥५॥
ते गोसाला रा सिद्धंत रा, लाधा छै अर्थ अनेक।
वले अर्थ ग्रह्या नें पूछिया, निरणो कीधो छै वशेष ॥६॥
हाड़ मींजा रंगी छै तेहनी, गोसाला रा धर्म मे ताहि।
अर्थ परम अर्थ गिणे तेहनें, सेष गिणे छै अनर्थ मांहि ॥७॥
इण विध आतमा भावती, विचरे छै दिन रात।
ते जांणे तीर्थंकर तेहने, तिणरे संका नहीं तिलमात ॥८॥

ढाल : १

[मम करो काया माया कारमी]

तिण हलाहल कुंभारी री जायगां मझे, पिरवार सहित आयो तास जी।
तिण काले गोसाला ने हुवा, पवज्जा लिया चौवीस वास जी।।
भाव सुणो गोसाला तणा।। आँकड़ी १।।
छ दिसाचर पास संतानिया, ते पूर्वधारी था ताय जी।
त्या जस कीरत सुण गोसाला तणी, ते मिलिया गोसाला मे आय जी।। भाव० २।।
साण[1] कलंद[2] कणियार[3] ने, अछिद्र[4] अगीवेसायण[5] तांम जी।
छठो गोमाउ नो पुत्र अर्जुन[6], ए छ दिसाचर नां नाम जी।। भाव० ३।।
जब गोसालो मन हरषत हुवो, ज्यू डाकण ने जरख मिले आंण जी।
ज्यू लीधी असवारा सांढ्यां भणी, ए दिष्टंत लीजो पिछाण जी।। भाव० ४।।
आठ महा निमत्त सास्त्र तके, गोसालो भण्यो मुख पाठ जी।
तिण सू लोकां ने भरमाय ने, सिष-सिषणी रो कीयो थाठजी।। भाव० ५।।
भूम कपे उतपात° हुवै वले, सुपना रो जाणो विचार जी।
उलकापात हुवै लोक मे, ते फल रो जाणो विसतार जी।। भाव० ६।।
अग फुरके डावो जीमणो, तेहना पिण अर्थ नो जाण जी।
स्वर कागादिक तेहना, ते पिण लिया पिछाण जी।। भाव० ७।।
मस तिलकादिक वंजणा, लषण सास्त्र जाणे ताम जी।
ए आठ महा निमत्त सास्त्र भण्यो, ते परूप रह्यो ठाम ठाम जी।। भाव० ८।।
तिण सू छ वागरणा मुख वागरे, जोतक भाखे अनेक जी।
तिण सू लोक मत मे पड़्या घणा, इह लोक रा अर्थी विशेष जी।। भाव० ९।।
ते लाभ अलाभ परूपतो, सुख दुख परूपे छै तेहजी।
जीवन मरण परूपतो, आ मुदे सिद्धाई छै एहजी।। भाव० १०।।
तिण सू कहे सावत्थी नगरी मझे, हू जिण वीतराग स्वयमेव जी।
हू अरिहन्त छू केवली, हूं सतवादी देवातदेव जी।। भाव० ११।।
गोसालो नहीं अरिहत केवली, ओ झूठाबोलो छै साख्यात जी।
पिण जिण अरिहत ज्यू पूजावतो, संके नही तिलमात जी।। भाव० १२।।
घणा लोक माहोमाहि इम कहे, आजूणा काल रे माय जी।
गोसालोजी तीर्थंकर चोवीसमो, कोई संक म राखजो काय जी ।। भाव० १३।।
सावत्थी नगरी मे फेलीयो, गोसाला रो गूढ मिथ्यात जी।
घणा लोक गोसाला रा मत मझे, ते किण री सरधे नही बात जी ।।भाव० १४।।

●

दुहा

तिण काले नें तिण समे, भगवंत श्री महावीर।
ते तीर्थंकर चोवीसमा, विचरत साहस धीर ।।१।।
गांवां नगरां विचरता, करता पर उपगार।
सावत्थी नगरी पधारिया, साथे साधां रो बहु पिरवार ।।२।।
सावत्थी नगरी रे बाहिरे, इसांण कूणरें मांय।
तिहां कोठग नामें बाग थो, ते छहूं रितु सुखदाय ।।३।।
तिण बाग माहे वीर ऊतर्‌या, भव जीवां रे भाग।
मारग दिखावे मोख रो, उपजावे वैराग ।।४।।

ढाल : २

[अरिहंत मोटका ए]

भगवत भलांइ पधारिया ए, भव जीवा रा तारणहार।
समजावे नर–नार ने ए, उतारे भव - जल - पार ।।
भगवंत भलां आवीया ए ।। आँकड़ी १।।
सावत्थी नगरी में फेलीयो ए, गोसाला रो गूढ़ मिथ्यात।
ते काढण आवीया ए, स्वयमेव श्री जगनाथ ।।भ० २।।
त्यां राग द्वेष दोय खय कीया ए, वले नहीं किण री पखपात।
निंद्या नहीं केहनी ए, नही य खुसामदी री बात ।।भ० ३।।
सावत्थी नगरी नी य परखदा ए, वाणी सुणे हरखत थाय।
वंदणा करे वीर नें ए, आया था जिण दिस जाय ।।भ० ४।।
पेहिले पोहर गोतम सझाय करी ए, बीजे पोहर ध्यानज ध्याय।
तीजे पोहर गोचरी ए, उठ्या सावत्थी नगरी रे मांय ।।भ० ५।।
लोक सावत्थी नगरी तणा ए, ठाम ठांम करे इम बात।
गोसालो जिण केवली ए, चौवीसमो जगनाथ ।। भ० ६।।
ए वचन गोतम सामी सांभल्यो ए, पाछा आया भगवत पास के।
आहार देखायने ए, हिवें प्रश्न पूछे आंण हुलास ।।भ० ७।।
हू आप तणी लेइ आगना ए, गयो सावत्थी नगरी माय।
तिहा लोक वाता करें ए, कहे गोसालो छै जिनराय ।।भ० ८।।
जो इच्छा हुवे सांमी आपरी ए, तो किरपा करे कहो जगनाथ।
उठाणपरिया* एहनीं ए, मांड कहो सहु बात ।।भ० ६।।

*नोट—उठाणपरियाणिय=आद्योपान्त वृतात

दुहा

गोतमादिक सहु साधा भणी, बोलाय कहे भगवंत।
जे गोसाला ने तीर्थंकर कहे, ते बोले छे झूठ एकत ।।१।।
ओ मखली पुत्र डाकोतरो, डाकोतरा री जात।
हिवे धुर सु उतपत तेहनी कहू, ते सुणजो विख्यात ।।२।।

ढाल : ३

[कपूर हुवे अति उजलो]

मखली भिख्याचर डाकोतरो जी, पाटीया दिखाले चित्राम।
आजीवका करतो फिरे जी, तिणरे भद्रा स्त्री रो नाम हो ।।
गोतम सुण गोसाला रो विरतंत ।।आँकडी १।।
ते गर्भवती भद्रा हुई जी, ते गोसालो गर्भ मे तांम।
तिण अस्त्री ने साथे लीयां फिरे जी, गांव परगाम ठाम ठांम हो ।। गो० २ ।।
तिण काले ने तिण समे जी, सरवण नामे सनीवेस।
तिहा सुखिया लोक वसें घणां जी, त्यारे रिघरो घणों परवेस हो ।। गो० ३ ।।
तिहा गोबहुल नामे ब्राह्मण वसे जी, तिणरे रिघ घणी घर माहि।
ते च्यार वेद रो जाण थो जी, त्यारा अनेक सास्त्र जाणें ताहि हो ।। गा० ४ ।।
तिण ब्राह्मण रे गउसाला हुंती जी, ते मोटी घणी थी ताहि।
मखली भद्रा सहित फिरतो थको जी, आय उतरीयो तिण माहि हो ।। गो० ५ ।।
तिण गऊसाला मे जनमीयो जी, तिण सू दीयो गोसालो नाम।
ते बाल भाव मूक्या पछे जी, जोवन प्राप्त हुवो ताम हो ।। गो० ६ ।।
कला चुतराइ परगट हुई जी, पाटीए चित्र्या रूप अनेक।
ते पिण हाथे लीयां फिरे जी, करे पेट भराइ वशेष हो ।। गो० ७ ।।
हूं बीस वरस घर मे रह्यो जी, पछे लीधो मै 'संजम हुलास।
पख २ खमण करतो पारणो जी, अठी गाम कीयो चौमास हो ।। गो० ८ ।।
बीजे वरस मास २ पारणो जी, हूं करतो थो एकण धार।
हू नगरी राजगृही आवीयो जी, नालदा पाड़ा मझार हो ।। गो० ९ ।।
तिण नालंदा पाड़ा मझे जी, ततूवाय साला थी तिण माय हो।
तिहां आग्या लेइ हूं ऊतरचो जी, तिण मे दीयो चौमासो ठाय हो ।।गो० १०।।
गोसालो पिण तिण अवसरे जी, तंतूवाय साला मे आय।
एक देस मे उपगरण मेलने जी, गयो राजगृही माहि हो ।।गो० ११।।
कठै जायगां न मिली तेहने जी, जब पाछो आयो तिण ठाम।
तंतूवाय साला रा एक देस मे जी, ओपिण रह्यो चौमासो तांम हो ।। गो० १२ ।।

हिल मास खमणा रो मारे पारणो जी, जब लेवा ने उठयो आहार।
तू ।न साला थी बारें नींकल्यो जी, आयो राजगृही नगर मझार हो ।। गो० १३ ।।

●

दुहा

हूं राजगृही नगरी मझे, करतो सुध गवेस।
विजै गाथापती तेहनां, घर मे कीयो परवेस ।।१।।
तिण मोने आवतो देखने, घणों हरषत हुवो मन मांहि।
वले संतोष पांम्यों अति घणों, वले भगत विनों कीयो ताहि ।।२।।

ढाल : ४

[साधुजी भलांई पधारिया]

तिण आसण छोड्यो उतावलो जी, वले उभो हुवो मांन मरोड़।
वले कीयो उतरासंग जुगत सूं जी, वले अंजली कीधी कर जोड़।
साधुजी भलांई पधारीया जी ।।आँकड़ी १।।
सात आठ पग साह्मों आयने जी, लुल २ नीचो जी थाय।
तीन परदिषणा दे मो भणी जी, वदणा कीधी सीस नमाय ।। सा० २ ।।
आज माहरी रे जागी दिवा जी, पूगी म्हांरा मन तणी कोड।
आज भलो भांण ऊगियो जी, आज भाग कीयो म्हांरे जोर ।। सा० ३ ।।
आज करतारथ हूं थयो जी, मुनीवर आया म्हांरे बार।
ज्यां रे पुरषां तगी चावना जी, त्यांरो म्हे दीठो दीदार ।। सा० ४ ।।
गुणग्रांम कीया म्हांरा अति घणां जी, ते पिण वारूं जी वार।
भाव सहीत मोंने वांदीया जी, भाव सूं कीयो नमसकार ।। सा० ५ ।।
मोंनें रसोड़ा घर मांहे ले जाय नें जी, प्रतिलाभ्या च्यारूंई आहार।
दांन देतां ने दीयां पछे जी, पामियो हरष अपार ।। सा० ६ ।।
दरब दातार दोनूं सुध था जी, तीजो पातर सुध जाण।
वले सुध तीन करण तीन जोग रो जी, इणरे इसड़ो मिलयो जोग आंण ।। सा० ७ ।।
इण विध मोंने प्रतिलाभियो जी, असणादिक च्यारूंई आहार।
तिहां देव आऊखो तिण बाँधियो जी, वले कीधो तिण परत संसार ।। सा० ८ ।।
तिहां सुगंध पांणी देव वरसावीयो जी, वले वूठा पंच वर्ण जी फूल।
वले विरखा करी सोवन तणी जी, वूठा वले वसतर अमूल ।। सा० ९ ।।
देव वजाइ देव दुंदुभी जी, आकास रे अंतर ठांम।
मोटे सब्दे घोष पारीयो जी, दांन रा कीया गुण ग्रांम ।। सा० १० ।।

धिन २ करे छे देवता जी, धिन २ करे नर - नार।
विजै गाथापति ने कहे जी, इण सफल कीयों अवतार ।। सा० ११ ।।
वले राजगृही नगरी मझे जी, घणां लोक करे गुण ग्राम।
इण जीतब जनम सुधारीयो जी, तिण साधु प्रतिलाभिया ताम ।। सा० १२ ।।
पांच दरब परगट हुवा जी, श्रो पिण लोकां इचरज देख।
तिण सूं ठाम २ बातां करे जी, विवरा सुघ वशेख ।। सा० १३ ।।

●

दुहा

ए बात गोसाले साभली, घणा लोका रे पास।
ते सांसो काढण भणीं, चाल्यो आण हुलास ।।१।।
तिण विजै तणो घर छै तिहा, आयो गोसालो ताम।
सोंनइयादिक फूलां तणा, गिंज दीठा तिण ठाम ।।२।।
तिण विजय तणा घर मांही थी, मोने नीकलतो देख।
जब इण म्हांरा गुण जाण ने, हरषत हुवो रे वशेख ।।३।।
मुझने आय वंदणा करी, बोल्यो जोड़ी हाथ।
थे धर्माचारज माहरा, हु सिष थारो सामीनाथ ।।४।।
ए वचन सुणे म्हे गोयमा, इणने आदर न दीयो ताम।
वले भलो न जाण्यो एहने, मुन साझी तिण ठाम ।।५।।
तिवार पछे हूं गोयमां, तिहा पाछो आयो चलाय।
बीजो मास खमण मै पचखीयो, ततूवाय साला मे आय ।।६।।

ढाल : ५

[सल्य कोई मत राखज्यो]

बीजा मास खमण रे हूं पारणे, राजगृही नगरी मे आयो जी।
तिहां आणंद गाथापति वसे, हू गयो तिण रा घर माह्यो जी ।।
वीर कहे सुण गोयमां ।। आँकड़ी १ ।।
आणंद हरष्यो मोंने देखी आवतो, विनो कीयो रूडी रीतो जी।
विजय गाथापती नी परे, अतरग भाव भगत सहीतो जी ।। वी० २ ।।
मोंने रसोड़ा घर मे लेजाय ने, खंड खाजादिक विविध पकवानो जी।
मोनें प्रतिलाभ्यो हरष्यो घणो, सतोष पांम्यो देइने दानो जी ।। वी० ३ ।।
तिण देव आऊखो बांधीयो, वले कीयो परत संसारो जी।
सेष विजै जिम जाण जो, सगलोइ विसतारो जी ।। वी० ४ ।।

जब पिण गोसालो मो आगले, विनो कर बोल्यो जोड़ी हाथो जी।
थे धर्माचारज माहरा, हू सिष थारो सामीनाथो जी।। वी० ५ ।।
जब पिण आरे इणने म्हे नही कीयो, मून साझे रह्यो ताह्यो जी।
वले मासखमण तीजो पचखियो, ततूवाय साला मे आयो जी।। वी० ६ ।।
तीजा मासखमण रे पारणे, हू राजगृही मे आयो जी।
तिहा सुदंसण गाथापति वसे, हूं गयो तिणरा घर मांह्यो जी।। वी० ७ ।।
मोने देख्यो सुदंसण आवतो, विनो कीयो रूडी रीतो जी।
विजै गाथापति नीं परे, अतरग भाव भगत सहीतो जी।। वी० ८ ।।
मोने रसोड़ा घर मे ले जाय नें, सर्व गुण भोजन सरस आहारो जी।
मोने भाव सहित प्रतिलाभियो, हरख सतोष पांम्यो अपारो जी।। वी० ९ ।।
इण पिग देव आऊखो बांधीयो, इण पिण कीयो परत ससारो जी।
विजै ज्यू सगलोई जांणजो, गोसाला सुधो विसतारो जी।। वी० १० ।।
जब पिण गोसाला मों आगले, विनोंकर बोल्यो जोडी हाथो जी।
थे धर्माचारज माहरा हू सिष, थारो सामीनाथो जी।। वी० ११ ।।
जब पिण इण ने आरे म्हे नही कीयो, मुन साझी रह्यो ताह्यो जी।
वले मास खमण चोथो पचखियो, ततूवाय साला रे माह्यो जी।। वी० १२ ।।
तिण नालदा पाड़ा थी ढूकरो, कोलाग नामे सनिवेसो जी।
तिहा बहुल नामे ब्राह्मण वसे, तिण रे रिध प्रभूत वसेसो जी।। वी० १३ ।।
ते च्यारूंई वेद रो जाण थो, ब्राह्मण रा सास्त्र जाण्या अनेको जी।
तिण काती चौमासी जीमण कीयो, मधु घृत सजुगत वशेको जी।। वी० १४ ।।
चोथा मासखमण रे हू पारणे, आयो कोलाग सनिवेसो जी।
तिहा बहुल ब्राह्मण रे घरे, म्हे तिण मे कीयो परवेसो जी।। वी० १५ ।।
तिण पिण मोने आवतो देखने, विनो कीयो रूडी रीतो जी।
विजै गाथापति नी परे, अतरंग भाव भगत सहीतो जी।। वी० १६ ।।
मोने रसोडा घर मे ले जाय ने, घृत मधु सजुगत आहारो जी।
मोने भाव सहीत प्रतिलाभियो, हरख सतोष पाम्यो अपारो जी।। वी० १७ ।।
इण पिण देव आऊखो बाधीयो, कीधो परत ससारो जी।
विजै गाथापति ज्यू जांणजो, सगलोई विसतारो जी।। वी० १८ ।।

●

दुहा

जब गोसाले मोने दीठो नहीं, ततूवाय साला रे माहि।
जब मोंने जोयवा नीकल्यो, नगरी राजगृही माहि।।१।।

तिहां न दीठो मो भणी, जब जोवण गयो नगरी बार।
सर्व दिस विदिस घणो जोवियो, पिण खबर न पांमी लिगार ॥२॥
उण कठेइ न दीठो मो भणी, ते विलखो हुवो अथाय।
खप खीजे पाछो आवियो, ततूवाय साला रे मांय ॥३॥
तिहा पाटीयादिक दूरा कीया, वणायो साध रो वेस।
तंतूवाय साला थी नीकल्यो, आया कोलाग नामे सनिवेस ॥४॥
कोलाग सनिवेस रे बाहिरे, लोक कहे माहोमाहि श्राम।
धन २ करे बहुल ब्राह्मण भणी, विजै नी परेकरे गुणग्रांम ॥५॥

ढाल : ६

[स्वामी म्हारा राजा नें धर्म सुणावज्यो]

मुझने मूकीने थे किहां गया, कहे गोसालो श्राम हो।
गुर विण चेलो किहा रहे, किहा पांमे विसरांम हो ॥
स्वामी थे मुझने मूकीने किहां गया ॥ आँ० १ ॥
थां उपर म्हारो अति घणो, हुतो अतत सनेह हो स्वामी। स्वा०
इसडा सिष सुवनीत ने, थे काय दे चाल्या छेह हो ॥ स्वा० २॥
एहवी करे विचारणा, चाल्यो तिहा थी ताम हो। स्वा०
कोलाग नामे सनिवेस छै, आय जोया तिण ठाम हो ॥ स्वा० ३॥
कोलाग सनिवेस बाहरे, कहे मांहोमाहि श्रांम हो। स्वा०
बहुल नामे ब्राह्मण तणा, लोक करे गुणग्राम हो ॥ स्वा० ४॥
ए वचन गोसाले सांभल्यो, घणां लोका रे पास हो। स्वा०
जब सॉसो मन उपनो, पछे बोल्यो मन मे हिमास हो ॥ स्वा० ५॥
जेहवी रिध जोत छै म्हारा गुरु तणी, जस बल वीर्य वशेख हो। स्वा०
वले प्राक्रम त्यामे अति घणो, इत्यादिक गुण अनेक हो ॥ स्व० ६॥
धर्माचारज माहरा, भगवत श्री विरधमान हो। स्वा०
इसडो म्हे एक दीठों नहीं, बले नही सुणियो म्हे कान हो ॥ स्वा० ७॥
इहाँ धर्माचारज मांहरा, आया दीसे इण गाम हो। स्वा०
इसड़ी करे विचारणा, जोवा लागो तिण ठाम हो ॥ स्वा० ८॥
कोलाग सनिवेस तेह मे, जोवे अभितर बार हो। स्वा०
सर्व दिस विदिस जोवे तिहा, फिरे छे एकण धार हो ॥ स्व० ९॥
कोलाग सनिवेस बाहिरे, मनोगम भूमि रसाल हो। स्वा०
म्हे कीयो विसराम तिण उपरे, तिहा आयो गोसालो तिण काल हो॥स्वा०१०॥

तिहा गोसालो मोने देखने, हरख्यो घणो मन मांय हो। स्वा०
तीन प्रदिखणा दे वादने, विनो करे बोल्यो वाय हो।। स्वा० ११।।
थे धर्माचारज माहरा, हू सिष थारो सुवनीत हो। स्वा०
हूं धर्म अतेवासी तेहने, मोने मेल आया इण रीत हो।। स्वा० १२।।
आप वीहार कीयां पछे, हू हुवो अतत उदास हो। स्वा०
मोने साला लागी डरावणी, हू नींठ आयो तुम पास हो।। स्वा० १३।।

●

दुहा

हू राजगृही जोवण गयो, तिहा जोया अभितर वार।
म्हे कठेय न दीठा आपने, जब हुई फिकर अपार।।१।।
पछे कोलाग सनिवेस छो, तिहा आय जोया ठाम ठाम।
तिहा जस कीरत सुणी आपरी, मोने धीरज आइ तांम।।२।।
थे धर्माचारज माहरा, हूं रहसू आप समीप।
मोने अलगो आप म मेलजो, हू पिण आतम मेल सू जीप।।३।।
ए वचन सुणे ने गोयमा, इणने म्हे कीधो अगीकार।
जब गोसाले मो साथे कीयो, रमणीक भूम थी वीहार।।४।।
लाभ अलाभ सुख ने दुख, वले सतकार ने असतकार।
छ वरस लगे इण भोगव्या, मो साथे लगे तिण वार।।५।।

ढाल : ७

[वेग पधारो महल बार]

अणिच जागरणा जागतो, परिसा सहे दिन रात।
हिवे करम जोगे तेहने, किण विध आवे मिथ्यात।।
वीर कहे सुण गोयमा।।आँकड़ी १।।
एकदा मो साथे कीयो, सिद्धार्थ गाम थी वीहार।
कुर्म गाम ने चालीया, विचे तिल देख्यो तिण वार।।वीर० २।।
ते पान फूले हरीयो घणो, सोभ रह्यो थो अतत।
ते तिल गोसाले देखने, मोने पूछ्यो ए विरतत।।वीर० ३।।
ए तिल पाके ने नीपजे, के नही नीपजे हो साम।
इणरा फूल जीव इहा थी चवी, उपजसी किण ठाम।।वीर० ४।।

तिण अवसर म्हे गोयमा, कह्यो गोसाला ने आम।
इण तिल मे निश्चे करी, तिल नीपजसी ताम ।।वीर० ५।।
ए जीव सात फूला तणा, छोडे इहाथी ठिकाण।
इण तिलरे होसी एक सूघणी, तिहा सात तिल होसी आण ।।वीर० ६।।

●

दुहा

गोसाले तिण अवसरे, ए मूल न सरधी बात।
परतीत मूल आणी नही, पडवजीयो मिथ्यात ।।१।।

ढाल : ८

[प्रभवो चोर चोरा नें समझावे]

वीर सू गोसाले पडवजीयो मिथ्यात, ते वीर वचन नही माने रे।
जब वीर समीप थी हलवे हलवे, तिल कने आयो छाने छाने रे।
वीर सू गोसाले पडवजीयो मिथ्यात ।। आँ० १।।
तिण तिल उखेलने अलगो न्हाख्यो, वीरने झूठा घालण गोसालो रे।
जब दिव बादल हुवा तिण काले, पाणी बूठो ततकालो रे ।। वीर० २।।
जड माटी सहीत तिल उखणियो हुतो, तिण पाणी थी पाछो थभाणो रे।
तिल फल फूल सहीत नीपनो, वीर कह्यो जिम जाणो रे ।।वीर० ३।।
वले गोसाले वीर साथे चाल्यो, ते मन माहे जाणे छे एमो रे।
ए प्रतख झूठ बोले छे चोड़े, ओ तिल नीपजसी केमो रे ।।वीर० ४।।
हिवै तिहा थी चाल कुर्म गांमे आया, तिहा कुर्म गाम रे वारे रे।
तिहा वेसायण नामे बाल तपसी, तपसा करे छे तिणू वारे रे ।।वीर० ५।।
ते बेले बेले निरन्तर करतो, तेजू लेस्या तिण माह्यो रे।
सूर्य साह्मी आतपना लेवे, उची कर कर बाह्यो रे ।।वीर० ६।।
तिणरे सूर्य रा आताप थी जूआ, नीकल पडे छे बारो रे
त्यारी अणुकपा आण वेसायण तपसी, पाछी मेहले सरीर मझारो रे ।।वीर० ७।।
तिण वेसायण तपसी ने देखे गोसालो, तिण कने आयो वीर छाने रे।
तिण ने कहे तू मुनी के अमुनी, ओ उत्तर दे तू म्हाने रे ।।वीर० ८।।
के तू जूआ रो सेज्यातर छै, ओ उत्तर दे तू पाछो रे।
जब तपसी ए वचन ने आदर न दीधो, मनमे पिण नही जाण्यो आछो रे ।।वीर०९।।
वेसायण तपसी मुन साझी जव, गोसालो कह्यो दोय तीन बारो रे।
तू मुनी के अमुनी छै तू, के जूआने सेज्या रो दातारो रे ।।वीर०१०।।

दोय तीन वार कह्या तापस कोप्यो, धिग धिगयमान हुवो तातो रे।
आतापना भूम थी पाछो फिरीयो, कीधी तेजस समुदघातो रे ।।वीर० ११।।
तेजू लेस्या काढी तिण सरीर वारे, गोसाला ने वालण काजे रे।
मोने खीजाय ने ओ जीवतो जाओ, तो वाल भसम करूँ आजो रे ।।वीर० १२।।
जब म्हे गोतम लब्ध फोरव ने, सीतल लेस्या म्हे मेहली रे।
गोसाला री अणुकपा ने अर्थे, तेजू लेस्या ने पाछी ठेली रे ।।वीर० १३।।
सीतल लेस्या थी तेजू लेस्या हणाणी, गोसालो पिण बलीयो नाही रे।
जब वेसायण उपीयोग देइ ने, मोने जाण लीयो उण ताही रे ।।वीर० १४।।
जब वेसायण तपसी इम बोल्यो, जाण्या २ हे भगवान थाने रे।
थे गोसाला ने वलवा न दीधो, ते खवर पडेगी म्हाने रे ।।वीर० १५।।
जब गोयमा मोने गोसाले पूछ्यो, जूको रो सेज्यातर कहे काइ रे।
जाण्या २ हे भगवान आपने जाण्या, ते मोने खवर पडी नाही रे ।।वीर० १६।।

●

दुहा

तिण काले म्हे गोयमा, कह्यो गोसाला ने आंम।
तू मो छांने तापस कने, तिणने जाये पूछ्यो थै आंम ।।१।।
तू मुनी अमुनी कदाग्रही, के सेज्यातर जूआ रो ठाम।
तव वेसायण थारा वचन ने, भलोई न जाण्यों तांम ।।२।।
जब दोय तीन वार तेहने, खिजायो वारूबार।
जब वेसायण तो उपरे, कोप्यो सिघर अपार ।।३।।
तोने वालण कारणे, तेजू लेस्या मेहली तिण काल।
जब थारी अणुकंपा आणने, सीतल लेस्या म्हेली ततकाल ।।४।।
तू नही वलीयो तेहथी, मोने ओलख कीधो याद।
जाण्या २ हे भगवान आपनें, न वल्यो आप तणे परसाद ।।५।।
ए वचन गोसाले साभल्यो, भय उपनो मन माय।
ए तेजू लेस्या किम नीपजे, मोने पूछ्यो सीस नमाय ।।६।।
जब म्हे गोयमा तिण समे, कही गोसाला ने एम।
तेजू लेस्या इण विध नीपजे, ते सुणजो धर पेम ।।७।।
वेले २ निरतर तप करे, पारणो मूठी उडद आहार।
उनो पाणी एक पूसली पीए, छ मास लगे एक धार ।।८।।
सूर्य साह्मी लेवे आतापना, उंची कर २ वाहि।
तिणने छ मास रे छेहरे, तेजू लेस्या नीपजे तिण माहि ।।६।।

ढाल : ६

[रस गिरधीते हिलिया गटके]

जब गोसालो तिण वारो रे, म्हारो वचन कीयो अंगीकारो।
हिवे गोतम ओ म्हारी लारो रे, कुर्म गाम थी कीयो वीहारो ॥ १ ॥
सिधारथ गाम ने पाछा चाल्या रे, तिल थभ कने आया हाल्या।
जब गोसाले पूछ्यो मोनें आमो रे, तिल नीपजसी कह्यो तामो ॥ २ ॥
फूल तिल सूधी कही बातो रे, ते प्रतख झूठ मिथ्यातो।
ते जाबक तिल नीपनो नाही रे, नही नीपनो फूलादिक काई ॥ ३ ॥
जब हू बोल्यो सुण तू गोसाला रे, तिण वेला कीया थै चाला।
म्हारा वचन री परतीत न आणी रे, थै म्हाने झूठा बोला जाणी ॥ ४ ॥
तिण सू मुझ पासा थी धीरे धीरे रे, छाने २ आयो तिल तीरे।
तिल उखाड न्हाख्यो तिण कालो रे, जब बादल हुआ ततकालो ॥ ५ ॥
पाणी वरसे तिल थभाणो रे, उ निश्चेई तिल नीपजाणो।
सात तिल फूल चविया ताह्यौ रे, सात तिल हुआ सुगली माह्यो ॥ ६ ॥
वनसपती काय मझारो रे, इण विघ करे पोटपरीहारो।
ते तिल उभो छे निश्चे आज ताइ रे, सका मत आणजे काई ॥ ७ ॥
ए पिण वचन न मान्यो गोसाले रे, तिल आय जोयो तिण काले।
सुगली फोर काढ्या बारो रे, सात तिल गिणीया हाथ मझारो ॥ ८ ॥
तिल गिणीया पछे तिण ठामो रे, उपनो अघवसाय परिणामो।
सर्व जीवारो एह विचारो रे, करे छे पोटपरीहारो ॥ ९ ॥
इसडी उधी इण धारो रे, मो सू पड़ीयो गोसालो न्यारो।
मूठी उडद खाअे जबूनो रे, पूसली पांणी पीये उन्हों ॥१०॥
निरन्तर बेले तपसा कीधी रे, सूर्य सांह्मी आतपना लीधी।
दोनू उची कर कर बाँहो रे, छ महीना लग ताह्यो ॥११॥
एहवो कष्ट कीयो इण करूडो रे, छ मास लगे तिण पूरो।
लब्ध छ मास रे अंत पाई रे, इण विध तेजू लेस्या उपजाई ॥१२॥
एकदा गोसाला रे माह्यो रे, छ दिशाचर मिलीया आयो।
आगे कह्यो छै जिम विसतारो रे, सगलोई लेवो विचारो ॥१३॥
अरिहत जिण केवली नाहि रे, इणरे अतिसय गुण नही काई।
अरिहत रा गुण इणमे न पावे रे, ओ झूठो नाम धरावे ॥१४॥
इण चोडे झूठ चलायो रे, इण सावत्थी नगरी माह्यो।
ओ डाकोत पुतर गोसालो रे, तिण रो काढ्यो वीर नीकालो ॥१५॥

थे पूछाकरी गोयम इण री रे, उठाणपरिया कही तिण री।
गोतम स्वामी बोल्या जोडी हाथो रे, आप सत कह्यो स्वामी नाथो ।।१६।।

●

दुहा

ए मोटी परखदा रे मझे, भाख्यो श्री भगवान।
वीर गोसाला री उतपत कही, ते पड़ी घणां रे कान ।।१।।
ए बात सुणी ने परखदा, आइ जिण दिसि जाय।
घणा लोक माहोमाही इम कहें, सावत्थी नगरी रे माहि ।।२।।
गोसालो कहें हूं जिण केवली, ते झूठ बोले छे ताम।
ओ तो मखली पुतर डाकोतरो, लोक बात करे ठाम ठाम ।।३।।
म्हे वीर जिणेसर रे आगले, सुणी गोसाला री बात।
ओ नही अरिहंत जिण केवली, यूही बोले झूठ मिथ्यात ।।४।।
वीर जिणंद चोवीसमा, ओ देवातदेव स्वयमेव।
ते निश्चे अरिहत जिण केवली, त्याने वादे कीजे नित सेव ।।५।।
ए लोक माहोमा बाता करें, ते सुणी गोसाले कान।
जब कोप्यो सिघर उतावलो, वले हुवो धिगधिगायमान ।।६।।
आताप भूम थी नीकल्यो, आयो सावत्थी नगरी मांय।
हलाहल कुंभारी री जायगा तिहा, पाछो आयो तिण ठांम चलाय।।७।।
घणा सिषा सहीत परवरचो थको, अमरस धरतो अतंत।
जाणे घात करू इण वीर नी, इसड़ो मन धेप धरंत ।।८।।

ढाल : १०

[धीज करें सीता सती रे लाल]

तिण अवसर श्री भगवत ने रे, अंतेवासी सिष्य सुवनीत रे। सुगण नर
ते आणंद नामें थिवर हुंतो रे लाल, तिणमें साध तणी रूडी रीत रे। सुगण नर
सुणजो गोसाला री वारता रे लाल ।।आँ० १।।
बेलें २ निरन्तर तप करे रे, पारणो पेहली पोहर सझाय।
बीजे पोहर ध्यान ध्यावे सदा रे लाल, तीजे पोहर गोचरी ने जाय रे ।। सु० २ ।।
ते वीर तणी लेइ आगना रे, उठ्यो सावत्थी नगरी माय रे।
ते करे समुदाणी गोचरी रे लाल, तीनूंई कुल में जाय रे ।। सु० ३ ।।
हलाहल कुंभारी री जायगा थकी रे, नेड़ो जातो आणद ने देख रे।
जब गोसाले बोलायो आणद ने रे लाल, पिण अंतरंग मन माहे धेख रे ।। सु० ४ ।।

एक मोटो ओलंभो म्हारो रे, तूं साभल आणद इहां आय रे।
जब आणंद थिवर इहां आवीयो रे लाल, गोसालो कहे बात वणाय रे ।। सु० ५ ।।
केई धन रा लोभी वांणीया रे, चाल्या मोटी अटवी मझार रे।
त्याँ अनेक वसतु सू गाडला भर्या रे, वले असणादिक च्यारूंई आहार रे ।।सु० ६।।
जब मोटी अटवी मे आगा गयां थका रे, नीठचा असणादिक च्यारूं आहार रे।
जब मांहोमां सर्व भेला हुआ रे लाल, करवा लागा विचार रे ।। सु० ७ ।।
पांणी तो खूटों सर्वथा रे, तिण विनां पाछा जासां केम रे।
हिवें करो पांणी री गवेसणा केम रे, ज्यू घरे जावां कुसल खेम रे ।। सु० ८ ।।
एहवी करे विचारणा रे, पाणी जोवा लागा ठाम ठाम रे।
एक मोटो वन खंड आयो जोवतां रे लाल, जोवा जोग घणो अभिरांम रे ।। सु० ९ ।।
तिण वनखंड रा मझ देस मे रे, तिहां एक मोटी जायगां वखाण रे।
च्यार वलगू हुंता तिण उपरा रे लाल, त्यांरा ऊँचा सिखर वखांण रे ।।सु० १०।।
ते देखी ने हरख्या वाणीया रे, सहु भेला हुवे कहे आम रे।
इण वनखंड मे च्यार वलगू अछे रे लाल, ऊँचा सिखर बंध वखाण रे ।।सु० ११।।
तो श्रेय किलाण आपां भणी रे, प्रथम वलगू भेदा जाय रे।
तिणमा सू निरमल पांणी नीकले रे लाल, ते पीवां सगला रे साता थाय रे ।।सु० १२।।
त्यां मांहोमां करे विचारणा रे, प्रथम सिखर फोड्यो आय रे।
तिणमां सूं निरमल पाणी नीकल्यों रे लाल, जब हरख्या घणां मन माय रे ।।सु० १३।।
त्यां पांणी तो पीधों निरमलो रे, वले वाहण भरीया तिणवार रे।
वले बीजा सिखर फोड़ण तणो रे लाल, कीधो माहोमाही विचार रे ।।सु० १४।।
पेहिलो सिखर फोड्यां पांणी नीकल्यो रे, तो सोनो नीकलसी दूजा मांहि रे।
ए मिसलत मांहोमा कीधी तिहां रे लाल, बीजोइ सिखर फोड्यो जाय रे ।।सु० १५।।
तिण मा सू सोनों नीकल्यों रे, जब मन माहे हरखत थाय रे।
त्याँ भाजन भर्या गाडला भर्या रे लाल, तीजी बार विचारे मांहोमाही रे ।।सु० १६।।
पेहिलो सिखर फोड़्यां पाणी नीकल्यो रे, सोनो नीकल्यो बीजा मांय रे।
तीजो फोड़्या मणी रतन नीकले रे लाल, तो तीजोई सिखर फोड़ां जाय रे ।।सु० १७।।
जब तीजो सिखर त्यां भेदीयो रे, मणी रतन नीकल्या तिण माँय रे।
त्यां भाजन भरी भर्या गाडला रे लाल, ते मन मांहे हरखत थाय रे ।।सु० १८।।
वले लोभ लागो त्यांरे अति घणों रे, जब कहे माहोमा आम रे।
ज्यूं चिंतवीयां ज्यू नीकल्या रे लाल, मन वंछित सरीया काम रे ।।सु० १९।।
तो चोथों सिखर फोड़्या वले रे, वजर रतन नीकले तिण माय रे।
त्यां वजर रतनां सू गाडला भर्या रे लाल, तो कमी रहे नहीं काय रे ।।सु० २०।।
इतलां मांहे एक वांणीयो रे, त्यांरा हित रो वंछणहार रे।
त्यांने कह्यो अति लोभ न कीजीये रे लाल, चोथो सिखर म फोड़ो लिगार रे ।।सु० २१।।

पिहलो सिषर फोड्यां पाणी नीकल्यों रे, सोनों निकल्यों बीजा मांय रे ।
मणी रतन तीजा मा सू नीकल्यां रे लाल, चोथों फोड्यां अवस दुख थाय रे ।।सु०२२।।
तिणरों कह्यों त्यां मान्यों नही रे, चोथों सिषर फोड्यो जाय रे ।
तिणमा सू कालो सर्प नीकल्यो रे लाल, विष घणों तिण माय रे ।।सु०२३।।
सघट्यो हुवो तिण सर्प नो रे, जब कोप चढ्यों ततकाल रे ।
भंड उपधि सहीत सगला तणी रे लाल, बाले राख कीधी ततकाल रे ।।सु०२४।।
जिण वाणीये त्यांने वरज्या हुंता रे लाल, तिण ने कुसल राख्यो तिणवार रे ।
ते रिध संपत ले आपरी रे लाल, कुसल आयो निज नगर मझार रे ।।सु०२५।।

●

दुहा

वांणीया ज्यू थारां गुर म्हे घणों, लोभ तणो अति दोष ।
जस कीरत व्यापी तीन लोक मे, तोही आयो नहीं संतोष ।।१।।
वांणीया पांणी विण मरता तिहां, त्याने पाणी मिलीयो ताय ।
वले सोवन मणी रतन मिलीया, तोही तिसणा मिटी नही काय।।२।।
त्या चोथों सिषर फोडीयो, तो घात पांमी ततकाल ।
त्यां सरिखो थारों गुर लोभीयो, ते पिण करसी अकाले काल ।।३।।
घणो गाम नगर इण वस कीया, तोही आयो सावथी मझार ।
सर्व सिष्य सहीत हिवे तेहनी, बाले राख कर सू एक बार ।।४।।
एक वाणो सारा ने वरजीया, तिणरी सर्प न कीधी घात ।
ज्यू तूं थारां गुर ने वरजसी, तो थोरीं घात न करूं तिलमात।।५।।

ढाल : ११

[डाभ मूंजादिक नी डोरी]

इम साभल वीहनो आणंद, पाछो आयो जिहा वीर जिणंद ।
वंदणा कर बोल्यो जोड़ी हाथ, एक अरज करूं सामीनाथ ।।१।।
हूं आपरी आग्या लेई ताह्यो, गयो सावथी नगरी माह्यो ।
हूं गोचरी करतो तिण काले, मोंने देख बोलायो गोसाले ।।२।।
तिण रे मन माहे धेष अपारी, मोंने दीयो ओलभो भारी ।
वाणीया री कीधी सर्प घात, ते माड कही सर्व बात ।।३।।
गुर सहीत थारा गुर भाई, त्यांरी घात करसू उठे आई ।
ते पिण घणां लोका री साख, बाल जाल भसम करूं राख ।।४।।
